www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhubpl1@yahoo.co.in

# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 307 । भोपाल, सोमवार 6 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए







मोदी ने पंधाना और सिवनी की सभाओं में कहा-

# भाजपा ने मप्र को गड्ढों से निकाला, इसे कांग्रेस के चंगुल से इसे बचाएं



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद से प्रदेश को बड़े गड्ढे में गिरा दिया था। भाजपा ने बड़ी मेहनत से उसे इस गड्ढे से बाहर निकाला है , इस काम में हमारी तीन–चार पीढ़ियां खप गई हैं। इसलिए हमें अब मध्यप्रदेश को कांग्रेस के चंगुल ने बचाएं। श्री मोदी ने यह बात रविवार को खंडवा जिले के पंधाना विधानसभा क्षेत्र के छैगांव माखन मंडल में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। सभा को राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने भी संबोधित किया। श्री मोदी ने सिवनी में भी सभा को संबोधित किया।

इन सभाओं में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस को युवाओं की दुश्मन बताया और कहा कि ऐसे नौजवान जो पहली बार वोट देने जा रहे हैं, उन्हें बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कांग्रेस का राज देखा नहीं है। ये नौजवान अगर अपने माता–पिता, बुजुर्गों से पूछेंगे ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

### मप्र को अपना एटीएम बनाना चाहती है कांग्रेस

प्रधानमंत्री ने कहा कि आप जानते हैं कांग्रेस यहां सरकार बनाने के लिए क्यों छटपटा रही है? उसे सरकार बनाने की क्या जरूरत पड़ गई है और उसके नेता क्यों पागलों की तरह दौड़ रहे हैं? कांग्रेस का इरादा साफ है। वह प्रदेश को अपनी पार्टी का एटीएम बनाना चाहती है। वह लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए पूरे प्रदेश से ट्रैक्टर भर–भर के लूट करना चाहती है। उन्होंने सवाल किया क्या कांग्रेस को इसके लिए मौका देना है? क्या उन्हें प्रदेश को लूटने की इजाजत देना है?

### झगड़ों में उलझी कांग्रेस

उन्होंने कहा कि जहां भी कांग्रेस की सरकारें हैं, वो आपसी झगड़े में उलझी रहती हैं। नेताओं के पास जनता के लिए समय ही नहीं होता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बीते साढ़े 4 सालों से कांग्रेस की सरकार है, लेकिन 24 घंटे वहां के नेता एक दूसरे को काटने, एक दूसरे को गिराने में लगे रहते हैं। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बने अभी 6 महीने हुए हैं, लेकिन छः महीनों के भीतर वहां क्या हो रहा है? वहां के मुख्यमंत्री को पता नहीं है कि वह कब तक पद पर रहेगा। कर्नाटक में विकास ठप है और जनता परेशान है।

युवाओं से कमलनाथ का वादा

# सत्ता में आने पर सरकारी भर्ती कानून बनाएंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने युवाओं से वादा किया है कि कांग्रेस सत्ता में आते ही खुशहाल युवा, खुशहाल मध्य प्रदेश पर काम करते हुए सरकारी भर्ती कानून अमल में लाएगी। कमलनाथ ने एक्स पर लिखा है, खुशहाल युवा, खुशहाल मध्यप्रदेश का लक्ष्य पाने के लिए मैं वचनबद्ध हूं। कांग्रेस सरकार युवाओं की मांग के अनुसार मध्य प्रदेश में 'सरकारी भर्ती का कानून' बनाएंगी।

प्रदेश की भर्ती परीक्षाओं में हुए 'घोटालों की निष्पक्ष और विश्वसनीय जांच' कराएगी। इसके लिए भर्ती जांच आयोग बनाएंगे।



उन्होंने कहा, घोटाला कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को कठोर दंड सुनिश्चित करेंगे। युवाओं को न्याय मिलकर रहेगा। उन्होंने युवाओं से वादा किया है कि सरकार के दो लाख रिक्त पदों की भर्ती का वार्षिक कैलेंडर जारी करेंगे। ग्राम स्तर के नए एक लाख पद बनाकर नौकरी देंगे। भर्ती परीक्षाओं के शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट देंगे। युवाओं के लिए 1000 करोड़ रुपए का स्टार्ट अप फंड बनाएंगे। 5 लाख करोड़ का वास्तविक निवेश धरातल पर लाएंगे और 1000 नई औद्योगिक इकाइयां और एक लाख एमएसएमई प्रारंभ कराएंगे। स्थानीय युवाओं को रोजगार देने वाले उद्योगों में वेतन अंशदान सरकार देगी। स्मार्ट युवा मार्ट, स्माल स्मार्ट मार्ट, ग्रामीण औद्योगिक पार्क और किसान सुपर मार्केट योजनों से युवाओं को रोजगार व स्व रोजगार देंगे। उन्होंने आगे कहा, सेना और पुलिस भर्ती की तैयारी के लिए वर्दी मेरा अभिमान कार्यक्रम चलाएंगे। युवाओं को 1500 रुपए से 3000 रुपए प्रतिमाह का आर्थिक सहयोग देंगे।

## आज से जारी होंगे चुनावी बांड, एसबीआई अधिकृत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 6 से 20 नवंबर के बीच अपनी 29 अधिकृत शाखाओं के माध्यम से चुनावी बांड जारी करने और भुनाने के लिए अधिकृत किया है। चुनावी बांड जारी होने की तारीख से 15 कैलेंडर दिनों के लिए वैध होंगे और यदि वैधता अवधि समाप्त होने के बाद बांड जमा किया जाता है तो किसी भी भुगतानकर्ता राजनीतिक दल को कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। किसी पात्र राजनीतिक दल द्वारा उसके खाते में जमा किया गया चुनावी बांड उसी दिन जमा किया जाएगा।

# प्रथम पुण्यतिथि



**स्व.दीपक सुरजन**

( 26 जनवरी 1958-6 नवम्बर 2022 )

न च प्राणसंज्ञो न वै पञ्चवायुः न वा
सप्तधातुःन वा पञ्चकोशः।
न वाक्पाणिपादं न चोपस्थपायु
चिदानंदरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम् ॥2॥

( न उसे प्राण कहा जाता है, न पाँच वायु, न सात तत्व, न पाँच कोष। मैं न वाणी हूं, न हाथ, न पैर, न पेट की वायु; मैं चैतन्य के आनंद का स्वरूप हूं। मैं शुभ हूं। )

देशबन्धु परिवार
पुण्य स्मरण करता है

कोहली ने सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी की

## विराट ने वनडे में जड़ा 49वां शतक



**कोलकाता, एजेंसी।** भारत की रन मशीन विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने वनडे कॅरियर का 49वां शतक लगाया। उन्होंने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में अफ्रीकी टीम के खिलाफ यादगार पारी खेली। कोहली ने रविवार को वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। खास बात यह है कि उन्होंने अपने 35वें जन्मदिन पर यह उपलब्धि हासिल की।

सचिन ने अपने वनडे करियर में 463 मैच खेले। इस दौरान 452 पारियों में 18426 रन बनाए। उनका औसत 44.83 का रहा। तेंदुलकर ने 49 शतक और 96 अर्धशतक लगाए। विराट ने 277वीं पारियों में ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 49वें ओवर में अपना 49वां शतक पूरा किया। उन्होंने कगिसो रबाडा की तीसरी गेंद पर एक रन लेकर तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

तेंदुलकर और कोहली के बाद सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वालों में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हैं। रोहित ने 259 मैच की 251 पारियों में 31 सैकड़े लगाए हैं। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का नंबर है। पोंटिंग ने 375 मैच खेले हैं। उनके 365 पारियों में 30 शतक हैं। इन दोनों के बाद पांचवें स्थान पर श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या हैं। उन्होंने 445 मैच की 433 पारियों में 28 शतक लगाए हैं।

शिवराज ने चुनावी सभाओं में कहा-

# भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी कमलनाथ का मॉडल



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, कमलनाथ का मॉडल भ्रष्टाचार और वादाखिलाफ का मॉडल है, अगर ये मॉडल मध्यप्रदेश में आ गया तो प्रदेश फिर से बीमारू बन जाएगा। श्री चौहान ने रविवार को बांधवगढ़, ब्यौहारी, धौहनी, चुरहट, सिंहावल, चितरंगी और सिंगरौली में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं में यह बात कही। उन्होंने सिंगरौली में रोड शो भी किया।

श्री चौहान ने कहा कि कमलनाथ का मॉडल मतलब ट्रांसफर को उद्योग बनाने का मॉडल, मतलब योजनाओं को बंद करने का मॉडल। अगर यह मॉडल गलती से आया तो मध्यप्रदेश को बीमारू करने का काम करेगा। श्री चौहान ने लाड़ली बहनों से कहा कि, बहनों सुन लेना अगर ये मॉडल आ गया तो पहले तो बैगा, भारिया, सहरिया बहनों का पैसा बंद किया था अब ये लाड़ली बहना का भी पैसा बंद कर देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि मैं सामाजिक क्रान्ति के लिए काम कर रहा हूँ, मुझे जनता की जिन्दगी बदलना है, बच्चों का भविष्य बेहतर करना है।

### धनतेरस पर खूब खरीदी करो बहनों

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने चुनावी सभा में बहनों से संवाद करते हुए कहा कि, लाड़ली बहना योजना बहनों की जिंदगी बदलने का अभियान है। किसी भी बहन की आंख में आंसु नहीं आने देंगे। फिलहाल योजना के तहत बहनों के खातों में 1250 रूपए आ रहें है, लेकिन आने वाले समय में इस राशि को पहले 1750, फिर 2000 और इसी तरीके से बढाते हुए 3000 रूपए किया जाएगा। साथ ही श्री चौहान ने कहा कि, इस बार 10 तारीख को धनतेरस है और इसलिए हमने फैसला किया है कि, 7 तारीख को ही बहनों के खातों में किश्त डाली जाएगी। जिससे दिवाली से पहले धनतेरस पर लाड़ली बहनें खूब खरीदारी कर सकें।

## सार समाचार

### खेत में काम रहे किसान की करंट लगने से मौत

**गुना, देशबन्धु।** मृगवास थानांतर्गत बटावदा में खेत में काम करते समय एक व्यक्ति को करंट लगने से मौत हो गई। घटना पड़ोसी किसान द्वारा पानी की मोटर चलाने के लिए ट्रांसफॉर्मर से खींची गई बिजली के लाईन के कारण हुआ। जो तार फेंसिंग के संपर्क में आने से करंट फैला, और उसकी चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बटावदा में किसान मोहनलाल लोधा अपने खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान यहां से निकली पड़ोसी किसान की बिजली लाईन का तार तार फेंसिंग के संपर्क में आ गया। जिसके कारण यहां करंट फैल गया। जिसकी चपेट में मोहनलाल लोधा आ गए। जिसमें करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर परिजन एवं आसपास के किसान पहुंचे। जिन्होंने शव को लकड़ी के सहारे बाहर निकाला। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना कर शव को पीएम के लिए कुंभराज चिकित्सालय भेजा गया। जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में पुलिस द्वारा आरोपी पड़ोसी किसान पर गैर इरातन हत्या का मामला दर्ज करने की तैयारियों की जा रही थी।

### मतदान दलों का दूसरे चरण का प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ



**गुना, देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण एवं जिला पंचायत सीईओ श्री प्रथम कौशिक के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतदान दलों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 5 नवम्बर प्रारम्भ हो गया है, जो 9 नवम्बर जारी रहेगा। इस मौके पर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना में आज प्रातः 10 बजे से सांय 05ः00 बजे तक अलग अलग विधानसभा 28-बमोरी, 29-गुना,30-चांचौड़ा एवं 31-राघौगढ़ से संबंधित मतदान दलों के पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 को प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण के दौरान मतदान दलों को मतदान के एक दिन पूर्व एवं मतदान दिवस को महत्वपूर्ण तैयारी के संबंध में बताया गया, मतदान सामग्री का मिलान, मतदान प्रारंभ करने से पूर्व मॉक पोल, मतदाता पहचान पत्र, निविदत्त मत पत्र, पीठासीन की डायरी, मतपत्र लेखा, ईव्हीएम का संचालन, आदर्श आचार संहिता का पालन और निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ चुनाव कराने के संबंध में नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पश्चात् मतदान दलों के कर्मचारियों का एक टेस्ट भी लिया गया।

### शराब के नशे में धुत्त था चालक, घटना के बाद मौके से हुआ फरार

# ट्रैक्टर ने मोटरसाईकिल सवारों को रौंदा, पिता और 2 बच्चों की मौत, महिला की हालत गंभीर



**गुना, देशबन्धु।** म्याना थानांतर्गत सेमरा-उकावदा के बीच एक तेज ट्रैक्टर ने बाईक सवार परिवार को रौंद दिया। जिसमें मोटरसाईकिल चालक सहित उसके दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पत्नी की हालत गंभीर बताई जाती है। उक्त परिवार गत शाम रिश्तेदार के यहां जन्मदिवस मनाकर रविवार को वापस अपने ग्राम सेमरा लौट रहा था। तभी शराब के नशे में धुत्त सोनालिका ट्रेक्टर के चालक ने बाईक सवार पूरे परिवार को रौंद दिया। घटना के बाद मौके पर चींख पुकार मच गई। वहीं घटना को अंजाम देकर आरोपी ट्रेक्टर चाल फरार हो गया। फिलहाल पुलिस ने ट्रैक्टर को जप्त कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार म्याना थानांतर्गत ग्राम सेमरा निवासी विनोद अहिरवार अपनी पत्नी पिंकी अहिरवार और बच्चे नैतिक तथा सोनाक्षी अहिरवार के साथ शनिवार शाम को श्रीराम कॉलोनी गुना में अपने रिश्तेदार के यहां से जन्मदिवस मनाने आए थे। यहां रात को कार्यक्रम करके रविवार दोपहर को वह अपनी मोटर सायकिल से वापस गांव लौट रहे थे। इस दौरान बाईक सवार परिवार सेमरा पहुंचने ही वाला था कि गांव के कुछ दूर पहले ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पूरे परिवार को रौंद दिया। दुर्घटना में पिता विनोद एवं दोनों बच्चे नैतिक तथा सोनाक्षी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पत्नी पिंकी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिले उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। यहां उसकी हालत गंभीर है। जिसे रैफर करने की तैयारी है। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि मोटरसाईकिल के साथ ही तीनों शव बुरी तरह क्षत विक्षत हो गए। पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन किसी समंदर सिंह यादव के नाम पर है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना को अंजाम देकर चालक मौके से फरार हो गया। जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने पकड़ने की कोशिश भी की। ट्रैक्टर चालक शराब के नशे में धुत्त था। जो किसी और को भी टक्कर मारकर आ रहा था।

# चांचौड़ा से आप प्रत्याशी, पति सहित एक दर्जन से मारपीट, बलवा अपहरण का मामला दर्ज

▸ 2 थानों में हुई एफआईआर, दूसरा पक्ष भी आया सामने

**गुना, देशबन्धु।** चांचौड़ा विधानसभा से आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी ममता मीना, उनके पति रघुवीर मीना, बेटा सहित एक दर्जन के करीब लोगों पर मारपीट, अपहरण, बलवा सहित अन्य धाराओं में दो मामले दर्ज हुए हैं। पहला जिले के चांचौड़ा थानांतर्गत तो दूसरा मामला पड़ोसी जिले राजगढ़ के सुठालिया में हुआ है। उक्त मामले में आप प्रत्याशी ममता मीना ने भी सामने आते हुए मामले को झूठा बताया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी पहलवान पुत्र दशरथ सिंह मीना ने बताया कि गत रात्रि करीब 3 बजे वह उसके साथी भीमा सोलंकी, अनिल मीना, लखन मीना, सुरेन्द्र मीना अपने वाहन क्रमांक एमपी 08 जेडबी 6315 से मधुसूदनगढ़ तरफ से वापस बीनागंज आ रहे थे। तभी ग्राम कीताखेड़ी के पास लगभग तीन-चार गाडियों ने उनका रास्ता रोक लिया। जिसमें रघुवीर मीना, मनोज मीना, भारत मीना, लालू उर्फ आकाश मीना, रामू उर्फ वरूण मीना, रामू शर्मा, समंदर सिंह मीना, नैमी मीना, जीतू मीना, श्याम मीना, पप्पू मीना उतारे और हाथों में लाठी-डंडे से उनकी गाड़ी पर हमला कर दिया।

इस दौरान बुलेरो गाड़ी के कांच फोड़ दिए। गाली गलौंच करते हुए रघुवीर मीना बोले कि अगर तुम नहीं सुधरे तो अभी केवल गाड़ी फोड़ी हैं, आगे तुम्हें फोड़ देंगे। इस दौरान उनके साथी सुरेन्द्र मीना एवं भीमा सोलंकी को जबरन उठा कर ले गए। मामले में पुलिस ने आरोपियों पर धारा 341, 294, 506, 147, 149, 427, 364 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

# मतदाता जागरुकता के लिए निकाली वाहन रैली



**गुना, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी, सीईओ जिला पंचायत प्रथम कौशिक द्वारा शहर में मतदाता जागरूकता के लिए वाहन रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में जिला प्रशासन के सभी अधिकारी /कर्मचारी कलेक्टर कार्यालय परिसर में एकत्रित हुए जहां से रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम दिनेश कुमार सांवले ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन नगर पालिका परिषद गुना द्वारा किया गया। जो कलेक्टर परिसर से प्रारंभ होकर हनुमान चौराहा, एबी रोड, जयस्तम चौराहा, बजरंगगढ़ रोड, भुल्लनपुर बायपास रोड, से होते हुए मारुति शोरूम, महावीरपुरा, गुरुद्वारा चौराहा, से लक्ष्मीगंज सुगन चौराहा, सदर बाजार, निचला बाजार, होती हुई हाट रोड से हनुमान चौराहा होते हुए कॉलेज रोड से होकर लाल परेड ग्राउंड पर समाप्त हुई। रैली में सैकड़ों की संख्या में चार पहिया एवं दो पहिया वाहन सम्मिलित हुए। रैली के दौरान डीजे पर मतदाता जागरूकता का गीत बजाया जा रहा था तथा वोट मित्र एवं बोट सखी मतदाताओं से वोट करने की अपील कर रहे थे। रैली में डीईओ चंद्रशेखर सिसोदिया, महिला बाल विकास अधिकारी आरबी गोयल, मनोज भारद्वाज, सीएमओ बीडी कतरौलिया, राघौगढ़ सीएमओ तेज सिंह यादव, क्रीड़ा अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं नगर पालिका परिषद के स्वच्छता वहां एवं समस्त कर्मचारी सम्मिलित हुए। रैली के समापन पर राष्ट्रगीत का गायन कर मतदाता जागरूकता के नारे लगाये। नगर पालिका द्वारा सभी अधिकारी कर्मचारियों को स्वल्पहर उपलब्ध कराया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य आशीष टांटिया द्वारा किया गया।

# भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने वार्डों में किया जनसमर्क



**गुना, देशबन्धु।** गुना विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पूर्व विधायक पन्नालाल शाक्य ने अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत शनिवार को पगारा मंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क कर आने वाली 17 तारीख कमल खिलाकर भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताने का आग्रह किया। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विकास जैन ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी पन्नालाल शाक्य ने अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत रविवार को बजरंगगढ़ मंडल में जनसंपर्क के दौरान बेंहटा, गोपालपुरा टकटैया, अनंतपुर, चांदौल, बादली, गेहूंखेड़ा, बरखेड़ा गिर्द, परसोदा, सिरसी कलां, सिरसी, हिनोतिया गिर्द, कानोंन, करोंदिया, मोइया आदि ग्रामों में पहुंचकर सर्व समाज के बीच जनसंपर्क करते हुए भाजपा के लिए समर्थन मांगा। साथ ही श्री शाक्य ने 8 तारीख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुना आगमन पर विशाल आमसभा में सम्मिलित होने जनता से आग्रह किया। इसी के साथ ही नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा वार्ड 16, 17 और 18 में जन संपर्क कर भाजपा प्रत्यासी पन्नालाल शाक्य को भारी मतों से जिताने का आग्रह किया।

इस मौके पर ममता पन्नालाल शाक्य, गुना विधानसभा संयोजक आलोक विजयवर्गीय, नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, अरविंद गुप्ता, भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विकास जैन, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत, गौरव गर्ग, पार्षद दिनेश शर्मा, ऊषा खटीक, कृति सरवैया, बबिता मिश्रा , अरुणा सुमन, शशि राठौर, राजेश शाहू, महाराज सिंह लोधा, सम्भू सेन, जगदीश कुशवाह, प्रदीप सरवैया, नीतेश भार्गव, आकाश भार्गव, विनोद लोधा, चंचल सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता जन उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रत्याशी गोपाल ने कई ग्रामों में जनसम्पर्क किया



**आष्टा, देशबन्धु।** भाजपा ने विकास किया और आगे भी करेगे अनगिनत योजनाओं के माध्यम से आम जन मानस को लाभ पहुंचाने में कोई कोर कसोर नही छोड़ेंगे आष्टा को विकसित और विकासशील बनाना हमारा पहला उद्देश्य है भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चलाए जा रही किसानोए मजदूरोंए मातृ शक्तिए युवाओ के अनेकों विकास कार्यों एवम् योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिल रहा है और मिलेगा।

भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर ने मैना मंडल के अनेकों ग्रामों में जनसंपर्क किया जिनमें काजीखेड़ीए मुंडीखेड़ी ए हकीमाबादए लोरासकला ए हीरापुर ए छपरीएहुसैनपुर खेडीए शंभुखेड़ीए मुंडाला परतीय लोरास खुर्द कमालपुर खेड़ी आदि ग्रामों में जनसंपर्क किया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेतागण एवम् देव तुल्य कार्यकर्त्ता बंधु युवा साथी मातृ शक्ति ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### शेख राजा विधानसभा पर्यवेक्षक नियुक्त



**आष्टा, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र में 157 के पर्यवेक्षक के रूप मे शेख राजा को नियुक्त किया है। कुवर रणजीत सिंह शक्तावत वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष असंगठित कामागार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्यप्रदेश द्वारा हस्ताक्षर द्वारा एक पत्र जारी कियां। शेख राजा की नियुक्ति उदित राज राष्ट्रीय अध्यक्ष असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आदेश अनुसार नियुक्त किया गया है। राहुल गाधी एवं कमलनाथ के सपनो को साकार करने मे आप महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे शेख राजा की नियुक्ति पर अनेक कांग्रेसजनों ने बधाई दी।

# मत सहो भ्रष्टाचार, अब करो प्रहार : कमल चौहान



**आष्टा, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी कमलसिंह चौहान ने चुनाव प्रचार के दौरे में मतदाताओं से चर्चा में भाजपा की जन विरोधी नीतियों पर बताया कि शिवराजसिंह चौहान की सरकार का मतलब 50 प्रतिशत कमीशन राज हैं। यह बात उन्होंने अपने चुनावी दौरे के समय कुंडिया धाग, सेमलीबारी बिलपान, भानखेडी, खटसुरा, झिकरी बडीए झिकडी छोटी, खेडापुरा, लीजामडी,खेडी, मेहतवाडा, लालपुरा, वनखेडा, जावर जोड, शेखुखेडा, पिपलिया जागीर आदि ग्रमों के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मैं आज कांगेस प्रत्याशी नेता के रूप में सम्मानित नेताओं के साथ आप सभी के बीच में यह अपील करने आया हूंकि कि मैं आपकी सेवा करना चाहता हूं, आपके दुख-सुख में आपके साथ रहना चाहता हूं।

कांग्रेस की सरकार में बच्चों की शिक्षाएं बेरोजगारों को रोजगार, किसानों को खाद, बिजली, पानी, कृषि उपकरण, सरकारी कर्मचारियों की पेंशन आदि काम होने वाले है। आप सभी से निवेदन है कि आने वाली 17 नबम्बर को सूरज की पहली किरणों के साथ पंजे का बटन दबाये ओर सच्चाई का साथ दे।

### भाजपा कार्यकर्ताओ ने घरों पर लगाए पार्टी के झंडे



**आष्टा, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर के समर्थन में नगर में महाजनसंपर्क अभियान का शुभारंभ किया। पार्टी के निर्देशानुसार 'मेरा परिवार भाजपा परिवार ' अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों पर भाजपा के झंडे लगाकर उसके फेटो वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए। दोपहर में गीतांजलि गार्डन से भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ता एवं भाजपा महिला मोर्चा की सदस्याओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर महा जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। आज भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान वार्ड क्रमांक 12,13,14,16,17 और 18 आदि में शुरू कर जनसंपर्क किया गया। महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नागरिकों को लिखे गए पत्र का वितरण कर योजनाओं की जानकारियां घर.घर पहुंचाई।

इस अवसर पर नपा अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष अतुल शर्मा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नपा उपाध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चे की जिला एवं नगर मंडल की सभी पदाधिकारी, पार्षद, सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता एवं महिला मोर्चे की बहाने इस महाजन संपर्क अभियान में शामिल थी।

# बमोरी विधानसभा क्षेत्र में लिखी जाएगी विकास की इबारत : ऋषि अग्रवाल

**गुना, देशबन्धु।** बमोरी विधानसभा से कांग्रेस के युवा प्रत्याशी ऋषि अग्रवाल ने रविवार को एक दर्जन से अधिक ग्रामों में जनसंपर्क किया। इस मौके पर गांव-गांव पहुंच रहे कांग्रेस प्रत्याशी अग्रवाल को न सिर्फ ग्रामीणों की आत्मीयता मिल रही है बल्कि तिलक, श्रीफल, सोफा बांधकर उनका भव्य स्वागत किया जा रहा है। यहां श्री अग्रवाल ने ग्रामीणों से वन-टू-वन चर्चाकर उनकी समस्याएं जानी। इस अवसर रविवार को श्री अग्रवाल ने बमोरी विधानसभा के गांव बोरखेड़ा, रंगपुरा, पारदीचक, मुरादपुर, मुरादपुर हरि चक, बरोदिया, सोडाखेड़ी, गोलाखेड़ी, पटना, खेजूराबाबा, आमखेड़ी, साबरापहाड़, पपावन, मोडक़ा, मोडक़ी सहित अन्य गांवों में जनसंपर्क किया। ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान श्री अग्रवाल ने यहां के प्रमुख मंदिरों एवं देव स्थलों पर मत्था टेककर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने ग्रामीणों की समस्याएं भी जानी। उन्होंने ग्रामीणों के बीच कहा कि कांग्रेस की सरकार प्रदेश में बनेगी तो आप लोगों की मंशानुसार ही गांव-गांव में विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए हमने वचन पत्र भी तैयार किया है। इन्हीं वचनों को पूरा करते हुए ग्रामीण इलाकों में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। इसके लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। श्री अग्रवाल ने कहा कि पूरे क्षेत्र की जनता उनका परिवार है। परिवार की चिंता करना उनकी जिम्मेदारी है।

# *शहर में खूंखार सांडों का आतंक, कई गंभीर घटनाएं हो चुकी हैं घटित*



***गुना, देशबन्धु।*** *शहर में आवारा सांड लगातार लोगों के लिए मुसीबत बन गए हैं। सब्जीमंडी हो या बस स्टैंड अथवा शहर की अन्य कोई जगह आवारा सांडों के आतंक से शहर का कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं है। वहीं, रविवार को सुबह रपटा, सदर बाजार में दो सांड आपस में भिड़ गए। जिससे भरे बाजार मे अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान लोगों ने उन्हें खूब छुड़ाने का प्रयास किया। जिसमें वाहनों को खरोच आने से क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं, एक महिला इनकी चपेट में आते-आते बाल-बाल बची। शहर में इससे पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन नगरपालिका प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे आवारा सांडों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। दरअसल शहर में आवारा सांडों का आतंक चरम पर है, अति व्यस्ततम क्षेत्रों में आए दिन इनका तांडव देखा जा सकता है।*

*इन पर लगाम लगने के बजाए इनकी संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। इन पर प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है। आवारा सांड लोगों को अपना शिकार बनाते रहे हैं और जिम्मेदार मूक दर्शक बने तमाशा देखते रहे हैं। हाल ही में शहर के प्रमुख चिकित्सक के पिता एवं पूर्व पीजी कॉलेज के प्राचार्य सांड की चपेट में आकर घायल हो गए थे।*

### *गंभीर घटनाएं घटित होने के बाद भी प्रशासन मौन क्यूँ ?*

*शहर के मुख्य मार्गों एवं अति व्यस्ततम क्षेत्रों में आवारा सांडों का तांडव आए दिन देखने को मिलता है। इतना ही नहीं पूर्व में भी कई गंभीर घटनाएं घटित हो चुकी है लोग रेफर तक हो चुके हैं। तमाम शिकायतों के बाद भी प्रशासन गहरी नींद में है। शहरवासियों ने बताया कि दिनभर आवारा सांड यहां-वहां घूमते रहते है। जिससे शहर का आवागमन भी पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। रोजाना आने-जाने वाले लोगों को सांड मारने दौड़ते है। अब तक कई लोग अब तक इनकी चपेट में आ चुके हैं। कई बार लोगों ने इन्हें शहर से बाहर करने की मांग की गई। परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई।*

### *हमेशा खतरे में रह रहे लोगों की पीड़ा*

*सांड आए दिन सब्जी मंडी, हाट रोड, रपटा, नीचला बाजार जैसे व्यस्ततम क्षेत्रों में लड़ते देखे जा सकते हैं। जिससे लोगों का निकलना तक मुश्किल हो गया है। वहीं कई बार कॉलोनी के बच्चें सांडों के कारण चोटिल हो चुके हैं। प्रशासन से शिकायत करने पर भी विभाग समाधान नहीं निकल पा रहा है। इनमें कई सांड ऐसे है, जो अकेले व्यक्ति को देखकर हमला कर देते हैं। इन सांडों के हमले से कुछ समय पहले भी कई लोग घायल व चोटिल हो चुके है।*

### *पशु नियंत्रण वाहन खा रहे हैं धूल*

*पूर्व में क्षेत्रीय सांसद केपी यादव द्वारा नगर पालिका को लाखों रुपए के कीमती पशु नियंत्रण वहां उपलब्ध कराए गई थे। मगर कभी कभार इक्का-दुक्का कार्यवाही के बाद उक्त पशु नियंत्रण वाहनों को पार्किंग में खड़ा कर दिया गया, जो की जर्जर हालत में कई महीनो तक धूल खाते रहे।*

## जिला प्रशासन की बड़ी पहल

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने वाले बीएलओ -सेक्टर अधिकारी को मिलेंगे 25 से 50 हजार रूपए

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ी पहल की है। इसके तहत जो बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) और सेक्टर अधिकारी अपने विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाएंगे, उन्हें 25 से 50 हजार रुपए तक दिए जाएंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने बताया, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वृद्धि प्राप्त करने वाले 5 बीएलओ को प्रति बीएलओ 25 हजार रुपए और प्रशंसा-पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार प्राप्त करने के लिए यह अनिवार्य होगा कि उस बीएलओ ने अपने मतदान केंद्र के न्यूनतम 90 प्रतिशत मतदाताओं को मतदाता पर्ची वितरित की हो। यदि 5 से अधिक बीएलओ द्वारा समान मतदान प्रतिशत वृद्धि प्राप्त की जाती है, तो उस स्थिति में सर्वाधिक मतदाता पर्ची वितरित किए जाने के प्रतिशत को आधार मानकर पुरस्कार के लिए चयन किया जाएगा।

वहीं प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वृद्धि प्राप्त करने वाले एक सेक्टर ऑफिसर को 50 हजार रुपए और प्रशंसा पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार प्राप्त करने के लिए यह अनिवार्य होगा कि उस सेक्टर ऑफिसर के क्षेत्र के अंतर्गत 90 प्रतिशत मतदाताओं को मतदाता पर्ची वितरित की गई हो। यदि एक से अधिक सेक्टर ऑफिसर के द्वारा समान मतदान प्रतिशत वृद्धि प्राप्त की जाती है, तो उस स्थिति में सर्वाधिक मतदाता पर्ची वितरित किए जाने के प्रतिशत को आधार मानकर पुरस्कार के लिए चयन किया जाएगा।

### आचार संहिता के उल्लंघन में एफआईआर दर्ज

हुजूर विधानसभा में आचार संहिता के उल्लंघन पर एफआईआर दर्ज की गई है। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम आशुतोष शर्मा ने बैरागढ़ क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उनके साथ सामान्य प्रेक्षक तलत परवेज भी थे। इस दौरान नवयुवक सभा स्कूल बैरागढ़ में बूथ क्र. 60, 61, 62, 63 एवं 64 में कैम्पस और हॉल में अनाधिकृत रूप से 25 से 30 लोग उपस्थित थे। उनके पास वहां उपस्थित होने की कोई वैधानिक अनुमति न होना एवं ऐसी गतिविधि आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन है। इसलिए निर्वाचन नियमों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की गई नवयुवक सभा स्कूल के सह सचिव दिनेश वाधवानी, कैलाश साधवानी, ऑटो यूनियन संघ के अध्यक्ष सूरज यादव, विहिप के भूपेंद्र गुर्जर समेत 20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के कारण प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई।

# कार रैली के जरिए दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

### विंटेज कारें बनीं आकर्षण

### सजधज कर आई 3 कार के मालिकों को किया पुरस्कृत

**भोपाल, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग, प्रशासन और विभिन्न संगठनों द्वारा तरह-तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में रविवार को मतदाता जागरूकता का संदेश देने राजधानी के लाल परेड मैदान से एक विशाल कार रैली का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी और लायंस क्लब द्वारा आयोजित इस कार रैली का विषय भोपाल करेगा वोट 17/11 रखा गया था। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन द्वारा लाल परेड मैदान से कार रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर आशीष सिंह समेत जिला पंचायत सीईओ रितुराज सिंह, एसडीएम नरेंद्र नारायण और लायंस क्लब के डिस्ट्रिक गवर्नर जेपी सिंह जौहर भी उपस्थित रहे।

यह मेगा कार रैली लाल परेड मैदान से शुरू होकर जहांगीराबाद चौक, काली मंदिर, सुल्तानिया हास्पिटल, हमीदिया रोड, भोपाल टाकीज, शाहजहांनाबाद, तलैया, ताजुल मस्जिद, रायल मार्केट, करबला, वीआइपी रोड, कमला पार्क, रोशनपुरा से व्यापमं चौराहा होते हुए बिट्टन मार्केट में समाप्त हुई। इस मेगा कार रैली ने 17 किमी की दूरी तय की। इस रैली में लगभग 300 कारें शामिल हुईं। इनमें नई और सामान्य कारों के साथ ही 10 विंटेज और इतनी ही कस्टमाइज पुरानी जीपों ने भी हिस्सा लिया। आकर्षक ढंग से सजाई गई ये गाड़ियां जब शहर की सड़कों से निकलीं तो हर कोई कौतूहल से देखता ही रह गया। रैली के बाद मतदाता जागरूकता से संबंधित स्लोगन, नारे, बैनर इत्यादि के साथ सजधज कर आईं तीन कारों के मालिकों को पुरस्कृत किया गया। पहला पुरस्कार सीमा सक्सेना, दूसरा नाजिया अख्तर और तीसरा पुरस्कार मौली बोस को प्रदान किया गया। इस मौके पर मतदान के लिए संकल्प पत्र भरवाए गए और उनका लकी ड्रा भी निकाला गया। वहीं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारीअनुपम राजन द्वारा सभी लोगों को आगामी 17 नवंबर को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर सहायक नोडल स्वीप रितेश शर्मा, संदीप श्रीवास्तव, नितिन गर्ग, बीनू गर्ग और लायंस क्लब के पूर्व डिस्ट्रक गवर्नर कलम भंडारी मौजूद रहे।



# महिला मजदूर की मौत के मामले में सुपरवाइजर पर प्रकरण दर्ज

**भोपाल, देशबन्धु।** रातीबड़ के ग्राम नाथू बरखेड़ा में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स के एथलेटिक्स ग्राउंड की इमारत निर्माण के दौरान नीचे गिरने से हुई एक महिला मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने सुपरवाइजर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस जल्द आरोपित की गिरफतारी करेगी। पुलिस के मुताबिक सविता कहार पत्नी संजय कहार उम्र 29 वर्ष मूलत: परासिया जिला छिंदवाड़ा की रहने वाली थी और मजदूरी करती थी। गत 25 अक्टूबर को स्पोर्ट्स काम्पलेक्स परिसर में इमारत के दूसरे माले की छत डाली जा रही थी, जहां सविता अपने परिवार के अन्य लोगों के साथ काम कर रही थी। इसी दौरान वह पहली मंजिल से नीचे गिरकर घायल हो गई थी। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान 28 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई थी। इसमामले में पुलिस ने मर्ग कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि घटना स्थल पर काम कर रहे मजदूरों को उनकी सुरक्षा के लिये हेलमेट नही दिये गये थे। सीढियो पर रैलिंग, सुरक्षा जाली एवं प्रकाश की समुचित व्यवस्था नही थी, जिसके कारण उक्त घटना घटित हुई है। इसके लिए निर्माण कंपनी के सीनियर सुपरवाइजर करुणाकर मिश्रा की लापरवाही पाई गई, जिसके आधार पर पुलिस ने करुणाकर के

# भांजे ने हत्या कर राजमार्ग पर फेंका था मामा का शव

**भोपाल, देशबन्धु।** सूखीसेवनिया में एक युवक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर अपने सगे मामा की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी थी , हत्या के बाद अपराध छिपाने के लिए शव राजमार्ग पर झाड़ियों में ले जाकर फेंक दिया और पास में उनकी मोटर साइकिल भी गिरा दी थी। इसके बाद भांजा योजना के तहत वह एम्बुलेंस को फोन कर मामा के शव हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचा और पुलिस को भी सूचना दे दी थी। पुलिस ने मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट और भांजे अैर उसके दोस्त से पूछताछ के बाद हत्या का खुलासा कर दिया। इस मामले में पुलिस ने भांजे और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है।

सूखीसेवनिया थाना प्रभारी रचना मिश्रा ने बताया कि बनवारीलाल उर्फ बंटी कुशवाह उम्र 30 वर्ष ग्राम डोब का रहने वाला था और खेती किसानी करता था। 31 अक्टूबर की देर रात उसका भांजा रिंकू कुशवाह उसे एम्बुलेंस से इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचा और बताया कि हादसे में उनको चोट लगी है। लेकिन यहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद बनवारीलाल को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और फिर शव परिजनों को सौंप दिया। लेकिन घटनास्थल का निरीक्षण करने और भौतिक सत्यापन करने पर पुलिस को पूरे मामले में संदेह था। इस पर पुलिस ने जब रिंकू से पूछताछ की तो उसने पुलिस को गुमराह करते हुए हादसे की बात दोहरा दी। थाना प्रभारी ने बताया कि रिंकू के बयान के बावजूद यह मामला हादसे का नहीं हत्या का ही लग रहा था। लिहाजा इस गुत्थी को सुलझाने के लिए एक विशेष दल बनाया गाय इस दल को । मृतक की पत्नी और परिजनों के बयान से पता चला कि बनवारीलाल ने कुछ समय पहले 45 लाख रुपये की जमीन बेची थी। वह ज्यादा पढ़ा-लिखा नहीं था, इसलिए बैंक से लेन-देन का काम उसका भांजा रिंकू कुशवाह किया करता था। लेकिन रिंकु के दोस्त धनीराम कुशवाह की भी मदद लिया करता था। रिंकू और धनीराम ने धोखे से बनवारीलाल के खाते से करीब 5 लाख रुपये भी निकाल लिए थे। जब कुछ लोग धनीराम से रुपये लेने आए तो वह बैंक से रुपये निकालने पहुंचा। यहां उसे पता चला कि उसके भांजे ने दोस्त के साथ गोलमोल किया हैं। इस पर बनवारी ने भांजे को धमकाया था कि वह उसे रुपये वापस करें , नहीं तो वह पुलिस में उसकी शिकायत कर देगा। इस पर रिंकु और धनीराम ने बनवारीलाल ठिकाने लगाने की योजना बनाई और उसे शराब पिलाने का कहकर अपने साथ ले गए। तीनों ने खेत पर बैठकर शराब पी। नशा चढ़ने पर रिंकु और धनीराम ने बनवारी की कुल्हाड़ी मारकर उसकी हत्या कर दी और घटना को हादसे का रूप देने के लिए लाश को विदिशा राजमार्ग पर सड़क किनारे झाड़ियों में फेंक दिया था। यह खुलासा होन पर पुलिस ने अरोपी रिंकू कुशवाह 28 निवासी ग्राम डोब और धनीराम कुशवाह 32 निवासी कोल्ड स्टोरेज के पास थाना सूखी सेवनिया को गिरफ्तार कर लिया।

# राष्ट्रीय खेलों में मप्र के अर्जुन और रिमसन ने जीते स्वर्ण पदक

### मप्र पदक तालिका में छठवें स्थान पर



**भोपाल, देशबन्धु।** गोवा में आयोजित हो रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों में मप्र के कयाकिंग एंव कैनोइंग खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण व दो रजत सहित कुल चार पदक जीते। अर्जुन सिंह और रिमसन ने स्वर्ण , सोनू वर्मा व केनान ने रजत पदक जीते। इसके साथ ही 22 स्वर्ण, 34 रजत और 32 कांस्य सहित कुल 88 पदक जीतकर पदक तालिका में छठवें स्थान पर है। मप्र के शूटिंग व स्चैश खिलाड़ियों ने भी पदक जीते है।

मापुसा स्थित चपोरा रिवर में आयोजित हो रही कयाकिंग एंव कैनोइंग प्रतियोगिता में मप्र के अर्जुन सिंह ने पुरुषों के सी-1 इवेंट की 1000 मी. रेस में स्वर्ण पदक जीता। सी-2 पुरूष की 1000 मी. स्पर्धा मे भी अर्जुन सिंह ने सोनू वर्मा के साथ मिलकर रजत पदक जीता। मप्र एक और जोड़ी ने कमाल का प्रदर्शन किया है। रिमसन और केनान की जोड़ी ने के-2 इवेंट की 1000मी. रेस में स्वर्ण पदक जीता। रिमसन ने के-1 पुरुष के 1000 मी. इवेन्ट में रजत पदक जीता। इस तरह मप्र के अर्जुन और रिमसन ने दो दो पदक प्रदेश की झोली में डाले है। शूटिंग (रायफल, पिस्टल और शाटगन) में मप्र के खिलाडी युग प्रताप और नेन्सी सोलंकी ने 10 मी एयर पिस्टल मिक्स्ड इवेन्ट में तथा 50मी. रायफल 3 पोजीशन में आषी चौकसे ने कांस्य पदक जीते। रितुराज बुंदेला ने शाटगन स्कीट इवेन्ट में अपना निशाना साधकर रजत पदक अपने नाम किया। इसके अलावा मप्र ने स्चैश में भी कांस्य पदक जीता। गोवा स्थित चिकलिम मल्टीपरपस मैदान वास्को डी गामा में मप्र के खिलाड़ियों ने पुरूष टीम स्पर्धा में शानदार खेल दिखाकर कांस्य पदक जीता।

# दीपावली के उपलक्ष्य में कालन्या का आयोजन



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** भगवान कला केन्द्र द्वारा केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के अंतर छिपी प्रतिभा को बाहर लाने के उद्देश्य दीपावली उत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को कालन्या शीर्षक से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

केन्द्र के पदाधिकारी थांवर वरलानी ने बताया कि कार्यक्रम में रंगोली, मेंहदी, डिजिटल पोस्टर मेकिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, फलेमलेस कुकिंग, डांस, गायन, फैशन शो, रील मेकिंग, रोल प्ले, ट्रेजर हंट, गेम्स आदि में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इन प्रतियोगिताओं में केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगितओं की निर्णयक डॉ डालिमा पारवानी, डॉ प्रिया बुधानी, श्रीमती ऋषिका एवं मोहित शिवानी, डॉ मीनू टहिलयानी, श्रीमती पलक पारवानी, श्रीमती अंजली मोतिरामानी, अनिल मोतीरामानी, संतोष जेठानी रहीं। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतियोगीयों को पुरस्कार प्रदान किये गये। कार्यक्रम में विशेष रूप से हीरो ज्ञानचंदानी, महेश दयारामानी, कन्हैया रामनानी, घनश्याम बूलचंदानी, उपस्थित रहें।

# विश्व में सुकून चाहते हैं तो पहले अंतर्मन में लाना होगा: सुदीक्षा

### 76वां निरंकारी संत समागम संपन्न

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** हर एक इंसान चाहता है कि विश्व में शांति हो, सुकून हो, हर कोई सुकून की जिंदगी जी पाये। वास्तविक रूप में यह तभी सम्भव है, जब पहले हम अपने अंतर्मन में सुकून ले आयें। उक्त उद्गार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा ने समागम समालखा (हरियाणा) में 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम में मानवता के नाम दिये सन्देश में व्यक्त किए।

सुकून अंतर्मन का शीर्षक पर आधारित तीन दिवसीय समागम में सुदीक्षा माता ने कहा कि यदि हम सुकून भरा जीवन जीना चाहते हैं तो परमात्मा को जानकर उसके प्रति कृतज्ञता का भाव धारण करें। सभी में इस परमात्मा का रूप देखते हुए सबके साथ प्रेम का भाव अपनाने से ही संसार में सुकून स्थापित हो सकता है। उन्होंने निरंकारी भक्तों का आह्वान करते हुए कहा कि इस संत समागम से उन्हें जो सुकून एवं अलौकिक आनंद प्राप्त हुआ है उसे संजोकर अपने जीवन में धारण करते हुए हर मानव तक पहुंचाये।

निरंकारी मिशन की बैरागढ़ शाखा के संयोजक महेश वीधानी ने बताया कि समागम में समागम में देश के कोने-कोने से एवं दूर देशों के अलावा बैरागढ़ के सैकड़ों निरंकारी श्रद्धालु भी शामिल हुए, जो वापिस लौट आए हैं । उन्होंने बताया कि बैरागढ़ ब्रांच के संचालक अशोक नाथानी, शिक्षक विजय कृपलानी, शिक्षिका सुषमा ग्वालानी, सहायक शिक्षक विजय नाथानी के नेतृत्व में सेवा दल द्वारा समागम स्थल पर विभिन्न सेवाएं भी की गई ।

### निरंकारी प्रदर्शनी

समागम स्थल पर विशाल रूप में निरंकारी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय सुकून अंतर्मन का था। इस प्रदर्शनी को 6 भागों में बांटा गया था, जिसमें मुख्य प्रदर्शनी के अतिरिक्त स्टुडियो डिवाईन, बाल प्रदर्शनी, स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग प्रदर्शनी, थिएटर एवं डिजाईन स्टुडियो इत्यादि का समावेश था। इसे प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं ने देखा।

### 77 युगल परिणय सूत्र में बंधे

समागम स्थल पर सत्गुरु माता सुदीक्षा के सान्निध्य में 77 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। सत्गुरु माता ने इन्हें दांपत्य जीवन की शुरुआत करने और सुखमय गृहस्थ जीवन को भक्ति के साथ जीने का आशीर्वाद प्रदान किया।

# भाजपा नेताओं का हर घर से मिल रहा है आशीर्वाद

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** घर घर जनसंपर्क अभियान के तहत आज भाजपा नेताओं ने सीहोर नाका क्षेत्र और सब्जी मंडी मे समपर्क किया। मीडिया प्रभारी हर्षित बने बताया कि सभी नागरिकों ने भरोसा दिलाया कि वे 17 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी को ही वोट देंगे और विकास में सहयोग देंगे एक बार फिर रामेश्वर शर्मा को ही विद्यायक बनाएंगे। इस अवसर पर 'जिला उपाध्यक्ष राम बंसल भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष महेश खटवानी, किशन अच्छानी, राम श्रीचंदानी, भूरा पारवानी, शंकर मेंघानी, विजय मोरंदनी, विनय सोनी, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष भारती मूलचंदानी, शेट्टी चांदनानी, रमेश होतवानी, अशोक दरबार, बबलू चावला, कैलाश आसुदानी, दीपक मैहर, अमित बिनवाणी, नितिन तोतलानी, निर्मला सोनी, सरिता भारती, गुलाब जेठानी, विजय डोडानी, शामू बालानी, प्रकाश ठढ़ानी, परशुराम गिदवानी, हरीश वासवानी, शेट्टी चांदनानी और शक्ति केंद्र के सभी पदाधिकारी बूथ 93 की सभी टोली एवं सभी प्रमुख कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहें।



### झाबुआ जिले में महिलाएं दोनों दलों की योजना की रख रही जानकारी

# आदिवासी अंचल में भाजपा लाड़ली बहना के भरोसे, कांग्रेस को वचन पत्र से आस

**धर्मेन्द्र पांचाल**

**झाबुआ,देशबन्धु।** मप्र चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों ने महिलाओं पर ध्यान केन्द्रित किया हुआ है। कांग्रेस ने जहां नारी सम्मान योजना में महिलाओं को 15 सौ रुपए देने की बात कही है, वहीँ चुनाव से पहले सत्तारूढ़ भाजपा ने लाड़ली बहना योजना का कार्ड खेलकर महिलाओं को अपनी और लाने की कोशिश की है। मप्र में कुल 5 करोड़ 60 लाख मतदाताओं में से करीब 25 फीसद महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है। सरकारी दावे के मुताबिक इनकी कुल संख्या 1 करोड़ 32 लाख के करीब है।

झाबुआ जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के कुछ गांवों में जब हमने महिलाओं से इन योजनाओं के बारे में बात की तो ज़ाहिर हुआ कि अधिकांश महिलाएं दोनों दलों की योजनाओं के बारे में जानकारी रखती हैं। झाबुआ विधानसभा क्षेत्र के छोटी गोला की रहने वाली रमतुबाई ने बताया कि लाड़ली बहना योजना में उसे 10 जून से पहली किश्त मिलना शुरू हुई है। अब उसे हर माह की 10 तारीख का इंतज़ार रहता है। रमतु बाई नारी सम्मान योजना के लिए कहती है कि कांग्रेस आएगी तो भी महिलाओं का नुकसान नहीं होगा। रमतुबाई कांग्रेस प्रत्याशी विक्रांत भूरिया और भानु भूरिया दोनों को जानती है। उन्होंने बताया कि वह किसे वोट देंगी अभी तय नहीं किया है।





इसी तरह थांदला विधानसभा क्षेत्र के कुकड़ी पाड़ा की 26 वर्षीय सुमीबाई का कहना है कि लाड़ली बहना योजना में शामिल होने के लिए महिलाओं को काफी मशक्कत करनी पड़ी। डीबीटी के नाम पर कई दिनों तक बैंकों के धक्के खाए। ले-देकर योजना का लाभ मिला और अभी पिछले महीने 1250 रुपए खाते में आए थे। सुमीबाई का कहना है कि कांग्रेस ने सरकार आने पर हर महिला को 15 सौ रुपए देने की जो योजना बताई है, उसके बारे में भी गांव की महिलाएं बातचीत करती हैं। लेकिन वोट देने से पहले वह प्रत्याशी और पार्टी का विचार करेंगी।

पेटलावद विधानसभा के अंतर्गत रूपगढ़ निवासी झीतरी बाई ने बताया कि भाजपा और कांग्रेस की दोनों योजनाएं महिलाओं को आगे बढ़ाने वाली है। उन्हें भी लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है। उनके गांव सहित उनके पहचान वाली कई महिलाओं को भी योजना से लाभ हुआ है। झीतरी बाई ने बताया कि कांग्रेस और बीजेपी दोनों की योजनाओं के कागज गांव में बंटे है। अपने बेटे से उन्हें पढ़वाया है। मैं वोट देने ज़रूर जाऊंगी।

तो वहीं गुड्डी, सीमा, सुनीता सहित कई महिलाओं का यह भी कहना है कि आदिवासी अंचल में लड़कियों की शादी कम उम्र में हो जाती है। लाड़ली बहना योजना में उम्र का बंधन होने से वह योजना से वंचित रह गई। जब गांव की दूसरी महिलाओं को योजना का लाभ मिलता है, तो उन्हें इस योजना का लाभ न मिलने से निराशा होती है। इन सबका कहना है कि योजना सभी महिलाओं के लिए एक जैसी और दस्तावेजों की खानापूर्ति कम हो, तो उनकी परेशानियां भी कम हो जायेगी।


झाबुआ जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर कुल 8 लाख 66 हजार 765 मतदाता है। इनमें से 4 लाख 35 हजार 571 महिलाएं है। तो वहीं जिले की 1 लाख 92 हजार 548 महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है। जो कि कुल मतदाताओं का 22.21 प्रतिशत है।

### नामांकन रैली में महिलाओं की संख्या से भाजपा उत्साहित



भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण सुराणा ने बताया कि जिले के तीनों प्रत्याशियों की रैली में सर्वाधिक संख्या महिलाओं की थी। निश्चित रूप से हर गांव में महिलाएं भाजपा की योजनाओं से खुश है। सुराणा ने तीनों सीटें जीतने का दावा भी किया।

### वचन पत्र के 5 बिंदु सभी महिलाओं के हित में है



कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रकाश रांका ने कहा कि भाजपा की योजना में कई तरह की खामियां है। लाभ लेने वालों से अधिक संख्या तो लाभ न मिलने वाली महिलाओं की है। हमारे वचन पत्र के पांचों बिंदु महिलाओं के हित में है। रांका ने सभी सीटें जीतने की बात कही।

देशबन्धु

भोपाल, सोमवार 6 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# अंतर्विरोधों से परिपूर्ण भाजपा के चुनावी वादे

5 राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिये प्रमुख राजनैतिक दलों का प्रचार अभियान जैसे-जैसे चरम पर पहुंच रहा है, कुछ घोषणापत्रों के जरिये तो कुछ भाषणों के माध्यम से वादे किये जा रहे हैं। कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी के बीच हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में प्रमुख मुकाबला है- राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़। तेलंगाना में पहले वहां की सत्तारुढ़ पार्टी भारत राष्ट्रीय समिति (बीआरएस) और भाजपा के बीच आमने-सामने की लड़ाई थी पर अब कांग्रेस के साथ बीआरएस को संघर्ष करना पड़ रहा है। भाजपा तीसरे क्रमांक पर है। मिजोरम में भी कांग्रेस ही सत्तारुढ़ मिजो नेशनल फ्रंट को चुनौती दे रही है।

एक ओर कांग्रेस की कमान सम्भालने वाले पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी एवं अन्य नेतागण कांग्रेस की गारंटियों को भरोसेमंद बतला रहे हैं वहीं भाजपा के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (और उनके प्रमुख सिपहसालार गृह मंत्री अमित शाह) बतला रहे हैं कि उनकी कही बात खाली नहीं जायेगी। ऐसे में यह सबसे माकूल वक्त है कि इन राज्यों में दिये जा रहे आश्वासनों, वादों और गारंटियों के टिकाऊपन तथा विश्वसनीयता की समीक्षा की जाये- खासकर राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के परिप्रेक्ष्य में। ऐसा नहीं कि मिजोरम एवं तेलंगाना के चुनाव महत्वहीन हैं। ऐसा इसलिये कि इन दो राज्यों में इन गारंटियों के परीक्षण का पैमाना या तो सीमित है (मिजोरम में, जहां विकास, धार्मिक आजादी एवं विविधता के संरक्षण की गारंटी कांग्रेस दे रही है) अथवा इन तीन राज्यों जैसा राजनैतिक समीकरण वहां नहीं हैं। मिजोरम में भाजपा मुकाबले में तो नहीं है लेकिन वहां तुलना कांग्रेस व केन्द्र में बैठी भाजपा के बीच हो रही है; जबकि तेलंगाना में भाजपा का पहले ही साफ हो चुका सूपड़ा दिखने से कोई इन दोनों के बीच समानता या विरोधाभास की बात ही नहीं कर रहा है। वहां गारंटियों की तुलनात्मक समीक्षा कांग्रेस व बीआरएस को आमने-सामने रखकर हो रही है।

बहरहाल, राजस्थान व छत्तीसगढ़ के मामलों में भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही आ रही है कि इन दोनों राज्यों की कांग्रेसी सरकारों ने पिछले पांच वर्षों में जनता का भरोसा इसलिए जीता है कि वहां पर पिछले चुनावों में किये गये वादे न केवल पूरे किये गये बल्कि घोषित अवधि में अमल में लाये गये। मसलन, पिछली बार छत्तीसगढ़ ने वादा किया था कि पहली कैबिनेट बैठक में ही किसानों की कर्ज माफी का फैसला लिया जायेगा- वैसा हुआ। इस बार फिर से अगली सरकार के बनने पर ऋण माफ करने का वैसा ही ऐलान कांग्रेस ने कर दिया है। ऐसे ही, धान का समर्थन मूल्य बढ़ाने, उस पर बोनस देने, प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदने, बेरोजगारी भत्ता दिये जाने आदि सम्बन्धी जो भी वादे किये गये थे, वे सारे के सारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने पूरे कर दिखाये हैं। जनता के पास अविश्वास का कोई कारण नहीं है। भाजपा के पास यह कहने का अवसर भी नहीं है कि ऐसा हो नहीं सकता। छग कांग्रेस के पास ऐसे कई वादों की फेहरिस्त है जो उसकी निवर्तमान सरकार द्वारा पूरे किये गये हैं। उधर राजस्थान की बात करें तो वहां पुरानी पेंशन योजना, सस्ता गैस सिलेंडर आदि के वादे भी पूरे किये गये हैं।

पूरे किये गये वादों के चलते दोनों राज्यों में सरकार विरोधी भावना नहीं के बराबर है। दूसरी तरफ मध्यप्रदेश सरकार के खिलाफ जो प्रचंड नाराजगी नज़र आ रही है वह वहां व्याप्त भारी भ्रष्टाचार के कारण भी है जिसके कारण घोषित योजनाएं तक ठीक से लागू नहीं हो पाई हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अगर अपने व्यक्तिगत प्रयासों से वहां इन असफलताओं के बावजूद नैया पार लगा भी लेते तो वहां भाजपा नेतृत्व ने सात सांसदों या केन्द्रीय नेताओं को चुनावी मैदान में उतारकर चौहान की नाकेबंदी कर दी है।

परेशान भाजपा को देखा-देखी में ऐसी-ऐसी घोषणाएं करनी पड़ रही हैं जिनमें अनेक विसंगतियां तथा अंतर्विरोध नज़र आते हैं। इसके चलते वे अविश्वसनीय लग रही हैं और लोगों को प्रभावित करने में नाकाम भी दिखती हैं। (मौका मिला तो) कुछ वादे भाजपा लागू करती भी है तो वह उसके स्थापित विचारों के खिलाफ हैं। अपनी गारंटियों को विश्वसनीयता दिलाने के लिये उन्हें मोदी के नाम से जोड़ा जा रहा है परन्तु उससे स्थिति और उलझ रही है। मोदी ने तीनों राज्यों (राजस्थान, मप्र व छग) में पार्टी के वादों को अपनी व्यक्तिगत गारंटियां घोषित कर दिया है। यह एक तरह से चौहान के लगभग 18 वर्ष तथा भूपेश के पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह के 15 साल के कामों को श्रेय न देने जैसा है। कांग्रेस से बढ़कर घोषणा करने के चक्कर में छत्तीसगढ़ भाजपा के संकल्पपत्र में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का आश्वासन दिया गया है क्योंकि कांग्रेस ने 20 क्विंटल का भरोसा दिया है। मजेदार बात यह है कि भाजपा के ही एक पूर्व मंत्री कांग्रेस की इस घोषणा को इसलिये दिखावटी कह चुके हैं कि राज्य में कहीं भी 17 क्विंटल से ज्यादा धान का उत्पादन असम्भव है। जिस नगद राशि वितरण को भाजपा रेवड़ियां कहती थी, वह अब उसके वादों के रूप में बंट रही है। मनरेगा को वह अपनी उपलब्धि बता रही है जिसका कभी मोदी संसद में 'कांग्रेस की विफलता का स्मारक' कहकर मज़ाक उड़ाते थे। ओबीसी के मुद्दे पर भाजपा निरुत्तर है क्योंकि कांग्रेस जातिगत जनगणना की बात कर रही है, वहीं मोदी इस पर इतना ही कह पा रहे हैं- 'मैं ओबीसी हूं इसलिये कांग्रेस मुझे गालियां देती है।' गारंटियों की स्पष्टता व विश्वसनीयता ही हार-जीत तय करेगी।

# पांच किलो मुफ्त अनाज में डूबा देश

आचार संहिता वंहिता छोड़िए आप! प्रधानमंत्री मोदी पर वह कोई लागू नहीं होती है। मोदी से पहले किसी प्रधानमंत्री पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के इतने आरोप नहीं लगे। हर चुनाव में चाहे विधानसभा के हों या लोकसभा के विपक्ष चुनाव आयोग के पास जाता है मगर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक बार जरूर तीनों चुनाव आयुक्तों को 2019 में मोदी के भाषणों के खिलाफ लंबी सुनवाई करनी पड़ी थी और एक चुनाव आयुक्त अशोक लवासा ने मोदी के भाषणों को आपत्तिजनक माना था। मगर बाकी दो सदस्यों जिनमें एक मुख्य चुनाव आयुक्त भी थे मोदी को क्लीन चिट देना चाह रहे थे और फिर उन्होंने दी भी। मगर दो-एक के बहुमत से। लवासा ने सर्वसम्मति से वह फैसला नहीं होने दिया था। अपने फैसले को सही बताते हुए लवासा ने इस्तीफा दे दिया। मोदी और अमित शाह के खिलाफ 6 मामले चुनाव आयोग के सामने थे। जिनमें एक यह था जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि राहुल वायनाड से इसलिए चुनाव लड़ रहे हैं कि वहां बहुसंख्यक वोट कम हैं। अल्पसंख्यकों की शरण में गए हैं। यह भाषण उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान महाराष्ट्र में दिया था। दूसरा एक मामला था जहां प्रधानमंत्री पुलवामा के शहीदों के नाम पर वोट मांग रहे थे। एक और भाषण में उन्होंने कहा कि परमाणु बम क्या हमने दीवाली के लिए रखा है। शाह के खिलाफ आरोप था कि उन्होंने भारतीय सेना को मोदी की सेना बोला है। इन सारे मामलों को लवासा गंभीर मान रहे थे जबकि बाकी दोनों उनमें कुछ भी अनुचित नहीं देख रहे थे।

ऐसे जाने कितने मामले हैं। अभी गुजरात विधानसभा में वोट डालने के बाद वे रोड शो करते हुए अपने भाई के घर गए। 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव में तो मायावती ने उनकी शिकायत की थी। अब शायद उनसे पूछो तो वे कहेंगी कि मैं वापस ले लेती हूं! मोदी जी के खिलाफ मैं सोच भी नहीं सकती।

तो अब चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ से प्रधानमंत्री की पांच साल और मुफ्त राशन की घोषणा आचार संहिता का उल्लंघन है, जैसा सवाल बेमतलब हो गया है।

औपचारिकता के लिए कांग्रेस को चुनाव आयोग जाना हो तो जाए मगर जवाब उसे राजनीतिक ही देना होगा।

टीवी अखबारों में यह घोषणा सुर्खियों में है। मोदी जी परवाह न करते हों मगर मीडिया थोड़ा सा अभी डरता है इसलिए इसे मास्टर स्ट्रोक नहीं कह पा रहा है। मगर है यह वाकई मास्टर स्ट्रोक!

छत्तीसगढ़ में मतदान के पहले चरण से ठीक पहले प्रधानमंत्री द्वारा की गई यह घोषणा लाभार्थियों के लिए बड़ा आश्वासन है। राहुल गांधी के शब्दों में कहें तो गारंटी।

लेकिन अगर कांग्रेस चाहती तो इसकी काउंटर गारंटी दे सकती थी। मोदी जी राजनीति के गहरे खिलाड़ी हैं। उनसे मुकाबला उसी स्तर पर हो सकता है। किसी बड़े माने जाने वाले टीवी एंकर के साथ हैलिकाप्टर में घूमने से नहीं। पार्टी एंकर को देश में नफरत फैलाने के लिए आरोपित करती है। अपने विपक्षी दलों के गठबंधन इन्डिया के द्वारा बाकायदा लिस्ट निकालकर उनका बहिष्कार करती है। मगर उसी को हैलिकाप्टर में घूमाकर इंटरव्यू दिया जाता है। इससे कितने वोट मिल जाएंगे यह कांग्रेस को बताना चाहिए।

मगर इन सब से कुछ होता नहीं। केवल नेता को यह खुशफहमी हो जाती है कि उसका चेहरा टीवी पर चमक गया। मगर उसका जरा सा चेहरा टीवी पर चमकाने के बदले मीडिया राहुल की छवि और खराब करने की छूट पाती है। हमने इन नेताओं को यह कहते सुना है कि हमसे तो अच्छी तरह मिलती हैं या मिलते हैं पता नहीं राहुल के साथ क्या समस्या है। मतलब समस्या राहुल में है। नफरती मीडिया में नहीं।

अभी जो एंकर हैलिकाप्टर में घूम रही थीं उन्होंने कांग्रेसी नेता के लिए एक से एक विशेषणों का प्रयोग किया। ब्राइट एंड फ्रेश। ऊर्जावान और उत्साही। कभी न हारने वाले और जाने क्या क्या! तो नेताजी फूले नहीं समा रहे। मुझमें इतने सारे गुण। तभी तो आई थीं मेरा इंटरव्यू लेने। मगर कभी यह नहीं सोचते कि क्या राहुल के वास्तविक गुणों में से एक भी ये टीवी एंकर बता सकती हैं? अगर बता दें तो इनकी नौकरी तो छोड़िए ईडी भी पहुंच जाएगी। मगर कांग्रेस के नेताओं को सिर्फ खुद से मतलब है पार्टी और राहुल से नहीं।



शकील अख्तर

**पता नहीं कांग्रेसी नेता गांव के लोगों से कितना मिलते हैं। लेकिन अगर मिलते होते और उनकी सुनते समझते तो उन्हें मालूम होता कि यह पांच किलो फ्री अनाज कैसा नशा बन गया है। गांव में अपने घर में मुफ्त राशन मिल जाने के बाद वह किसी काम का नहीं रहता। उससे पांच किलो से ज्यादा अनाज की बात करना होगी। काम देने का भरोसा देना होगा।**

खैर इससे राहुल की ताकत पर कोई असर नहीं पड़ता है। तो मुख्य मुद्दा था फ्री राशन पांच साल और। अब इसका जवाब यह नहीं हो सकता जो बहुत सारे लोग और कांग्रेसी भी दे रहे हैं कि साढ़े 9 साल में क्या किया? गरीब की हालत और खराब कर दी कि वह फ्री राशन पर रहने लगा। पांच साल और मतलब उसकी हालत ऐसी ही रखोगे या यह जो कांग्रेस कह रही है कि यह प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना कुछ नहीं है हमारी नेशनल फूड सिक्योरटी एक्ट की ही नकल है इससे कुछ नहीं होगा।

मंगलवार को मिजोरम की सभी और छत्तीसगढ़ की 20 सीटों पर मतदान हो जाएगा। इनमें आदिवासी संभाग बस्तर भी है। जहां के करीब-करीब सभी मतदाता पांच किलो मुफ्त राशन का फायदा उठा रहे हैं। 12 सीटें हैं यहां जिनमें से 11 आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं। यह 12 में से 12 सीटें कांग्रेस के पास हैं। अब आप समझ सकते हैं कि प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ से यह घोषणा क्यों की और उस दुर्ग जिले में की जहां भी मंगलवार को मतदान होना है।

अब यह घोषणा तात्कालिक रूप से छत्तीसगढ़ की बस्तर और दुर्ग की 20 सीटों पर प्रभाव डाल सकती है। और बाद में हर जगह। इसका जवाब वही जैसा हमने ऊपर कहा राहुल की काउंटर गारंटी। गारंटी पर गारंटी ही दे सकती है। और राहुल का जवाब देना या यूं कहें जनता को और ज्यादा हिम्मत बंधाना वाजिब भी है।

मगर कहा अगर सही समय पर न जाए तो कोई फायदा नहीं। कांग्रेस की अधिकांश कहानी यही है कि जब चिड़िया खेत चुग जाती हैं तब वह पछताती रहती है। बाबा केदारनाथ के पास से अच्छी जगह कौन सी हो सकती है। वहीं से कहना चाहिए कि अगले पांच साल इतना ही! बिल्कुल नहीं। गरीबों को बढ़कर राशन भी मिलेगा और काम भी।

हर हाथ को काम। नौकरी रोजगार। और हां मुफ्त की अगर बात है तो आपके बच्चों को मुफ्त शिक्षा मिलेगी। और आपको और पूरे परिवार को मुफ्त इलाज। काम मिलने से आपके हाथ में नगद पैसे होंगे। आप जो चाहे खरीद सकते हैं। मुफ्त राशन पांच किलो नहीं बढ़ाकर देंगे। और काम देंगे ताकि तेल, घी, दूध, सब्जी, दाल मसाले, कपड़े, जूते खरीद सकें।

स्कूल सारे सरकारी करने और अस्पताल भी यह लोगों की सबसे बड़ी जरूरत है। मोदी जी केवल पांच किलो राशन में लोगों को उलझाए हुए हैं। मगर कांग्रेस चूंकि इसका ठीक से जवाब नहीं दे पा रही है तो मोदी जी का यह फंडा खूब चल रहा है।

हमें पता नहीं कांग्रेसी नेता गांव के लोगों से कितना मिलते हैं। लेकिन अगर मिलते होते और उनकी सुनते समझते तो उन्हें मालूम होता कि यह पांच किलो फ्री अनाज कैसा नशा बन गया है। गांव में अपने घर में मुफ्त राशन मिल जाने के बाद वह किसी काम का नहीं रहता। उससे पांच किलो से ज्यादा अनाज की बात करना होगी। काम देने का भरोसा देना होगा। मर गए सपनों को फिर से जिलाना होगा। बच्चों की पढ़ाई और उससे उनकी अच्छी नौकरी मिलने की कहानी सुनाना होगी। नहीं तो वे पांच किलो मुफ्त अनाज लेते रहेंगे और वोट देते रहेंगे।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# भाजपा के नेतृत्व वाली 'आचार समिति' द्वारा महुआ मोइत्रा का उत्पीड़न शर्मनाक

■ **अरुण श्रीवास्तव**

भारतीय संसदीय कामकाज के इतिहास में पहले कभी किसी विधायी पैनल के अध्यक्ष को चरित्र हनन और स्त्रीद्वेषी विकृति की इतनी तीखी आलोचना का सामना नहीं करना पड़ा, जितना कि लोकसभा आचार समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सोनकर को करना पड़ रहा है। टीएमसी सदस्य महुआ मोइत्रा द्वारा उनके खिलाफ लगाये गये आरोप पर संदेह करने का कोई स्पष्ट कारण नहीं है, जिसे समिति में विपक्षी सदस्यों द्वारा भी सार्वजनिक रूप से दोहराया गया था, कि पैनल के अध्यक्ष भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर ने संसद में प्रश्न पूछने के लिए एक व्यवसायी हीरानंदानी से धन तथा अन्य फायदा लेने के आरोप से सम्बंधित प्रश्न पूछने के बदले बड़े ही दुर्भावनापूर्ण और अपमानजनक तरीके से असम्बद्ध सवाल किये। उनके इस व्यवहार से नाराज विपक्षी दल के सदस्य विरोध में बैठक हॉल से बाहर चले गये।

मोइत्रा पर व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के इशारे पर सवाल पूछने का आरोप लगा है। यह भी आरोप लगाया गया कि उसने दुबई स्थित व्यवसायी के साथ अपने लॉगिन क्रेडेंशियल साझा किये। मोइत्रा के खिलाफ शिकायत झारखंड के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने की थी।

यह बिल्कुल स्पष्ट है कि भाजपा पारिस्थितिकी तंत्र और उसका मीडिया सेल मोइत्रा को लोकसभा से हटाने और उनके राजनीतिक कॅरियर को समाप्त करने के लिए एक अच्छी तरह से तैयार किये गये जाल के साथ तैयार है। उनके लिए उनका चरित्र हनन और एक सस्ती और लालची महिला के रूप में उनकी छवि खराब करना सबसे अच्छा उपाय था।

**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस मामले में कोई संवैधानिक कार्यवाही शुरू करेंगे या नहीं, क्योंकि इसमें कई लोगों की हिस्सेदारी है। लेकिन एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि भाजपा उन्हें दंडित करने और सदन से बाहर निकालने के लिए अपनी पूरी ताकत लगायेगी। भाजपा का तंत्र किसी को भी अडानी और मोदी के खिलाफ बोलने को बर्दाश्त नहीं कर सकता।**

खुद मोइत्रा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को बताया है, उनसे पूछा गया कि 'उन्होंने देर रात किससे, किस सॉफ्टवेयर पर और कितनी देर तक बात की। वे जानना चाहते थे कि जिन लोगों से उन्होंने बात की उनकी पत्नियों को इसके बारे में पता था या नहीं।'

सोनकर ने बाद में कहा कि समिति को मामले की व्यापक जांच करने का काम सौंपा गया था और सहयोग करने के बजाय, मोइत्रा विपक्षी सदस्यों के साथ क्रोधित हो गयीं और उन्होंने 'आपत्तिजनक शब्दों' का इस्तेमाल किया और उनके खिलाफ अनैतिक दावे किये। लेकिन उनका स्पष्टीकरण उन्हें मोइत्रा के उन आरोपों से बरी नहीं करता कि उन्होंने जानबूझकर उनसे अनैतिक और अपमानजनक सवाल पूछे।

मामला तब तूल पकड़ा जब समिति अध्यक्ष ने व्यक्तिगत सवाल पूछना शुरू कर दिया जैसे मोइत्रा ने रात में हीरानंदानी को कितनी बार फोन किया, वह दुबई और मुंबई में किस होटल में रुकी थीं। पैनल के एक विपक्षी सांसद ने कहा, 'हमने आपत्ति जताई और मोइत्रा ने भी।'

मोइत्रा की पीड़ा और आहत भावनाएं गुरुवार को बैठक कक्ष से बाहर आने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखे उनके पत्र में परिलक्षित हुईं, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि सुनवाई के दौरान आचार समिति के अध्यक्ष द्वारा उन्हें 'कहावती वस्त्रहरण' का शिकार होना पड़ा। मोइत्रा ने यह भी लिखा- 'समिति को खुद को आचार समिति के अलावा किसी अन्य नाम से नामित करना चाहिए क्योंकि इसमें कोई नैतिकता नहीं बची है। विषय से संबंधित प्रश्न पूछने के बजाय, अध्यक्ष ने दुर्भावनापूर्ण और स्पष्ट रूप से अपमानजनक बयान देकर पूर्वकल्पित पूर्वाग्रह का प्रदर्शन किया।' जिस तरह से मुझसे सवाल किया जा रहा था, उसे सुनकर उपस्थित 11 सदस्यों में से 5 सदस्य बाहर चले गये और उनके शर्मनाक आचरण के विरोध में कार्यवाही का बहिष्कार किया।'

यह स्पष्ट नहीं है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस मामले में कोई संवैधानिक कार्यवाही शुरू करेंगे या नहीं, क्योंकि इसमें कई लोगों की हिस्सेदारी है। लेकिन एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि भाजपा उन्हें दंडित करने और सदन से बाहर निकालने के लिए अपनी पूरी ताकत लगायेगी। भाजपा का तंत्र किसी को भी अडानी और मोदी के खिलाफ बोलने को बर्दाश्त नहीं कर सकता।

लोकसभा की वेबसाइट का लॉगइन आईडी और पासवर्ड शेयर करने के मामले में मोइत्रा ने अपने पत्र में लिखा- 'इन्हें शेयर नहीं करने के नियम सांसदों को कभी क्यों नहीं बताये गये और यदि थे तो हर एक सांसद इस आईडी और लॉगिन को कई लोगों के साथ क्यों साझा कर रहा है?' उसने लिखा कि मैंने रिकॉर्ड पर बार-बार विरोध किया कि अध्यक्ष एक औरत के रूप में मेरी गरिमा पर दाग लगाने वाले व्यक्तिगत प्रश्न नहीं पूछ सकते हैं।

मोइत्रा ने एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है - लोकसभा आचार समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सोनकर ने उन्हें वकील जय अनंत देहाद्राई और व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी द्वारा उनके खिलाफ लगाये गये 'कैश-फॉर-क्वेरी' आरोपों में जिरह करने की अनुमति क्यों नहीं दी। उन्होंने सोनकर को पहले ही बताया था-'शिकायतकर्ता देहाद्राई ने अपनी लिखित शिकायत में अपने आरोपों को साबित करने के लिए कोई दस्तावेजी सबूत नहीं दिया है, और न ही वह अपनी मौखिक सुनवाई में कोई सबूत दे सका है। प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए, मैं देहाद्राई से जिरह करने के अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहती हूं।'

मोइत्रा ने कहा, 'यह एक एथिक्स कमेटी है जो स्क्रिप्ट पढ़ रही है और हर तरह के गंदे सवाल पूछ रही है।' बसपा सदस्य दानिश अली ने कहा, 'हम ऐसी प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बनना चाहते थे क्योंकि वे अनैतिक सवाल पूछ रहे हैं। द्रौपदी का चीरहरण कर रहे हैं।'

14 सदस्यीय नैतिक पैनल का हिस्सा बनने वाले कम से कम तीन विपक्षी सांसद, कांग्रेस के एन उत्तम कुमार रेड्डी, बसपा के दानिश अली और राजद के गिरिधारीलाल यादव, समिति पर एक महिला सांसद से अनैतिक व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए बैठक से बाहर चले गये। रेड्डी ने आरोप लगाया, 'उनके सवाल पूर्वाग्रहपूर्ण, पक्षपातपूर्ण और अशोभनीय थे। हम दिन की शुरुआत से ही उसे यह बताने की कोशिश कर रहे थे कि वह इस तरह की पूछताछ न करे, लेकिन उसने हमारी बात नहीं सुनी।'

जाहिर है कि भाजपा जो चाहती थी उसका सख्ती से पालन किया गया है। इस धारणा को बल मिलता है कि इन अपवित्र घटनाओं के ठीक बाद, दुबे ने अपनी टिप्पणी दी कि मोइत्रा को जाना होगा। उसे कोई नहीं रोक सकता। इस बीच, प्रदर्शनकारी सांसदों ने यह जानने की कोशिश की है कि एक शिकायतकर्ता, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) की एक 'गोपनीय' रिपोर्ट को कैसे हासिल करने में कामयाब रहे, जिसमें कहा गया था कि मोइत्रा के संसदीय लॉगिन को दुबई से 47 बार एक्सेस किया गया था और यहां तक कि इसे डाला भी गया था। यह सार्वजनिक डोमेन में तब आया जब वह रिपोर्ट केवल एक दिन बाद समिति के सदस्यों को उपलब्ध कराई गई थी। विपक्षी दल भी उत्सुकता से उस कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं जो टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी बैठक के बाद लेने वाली हैं, जैसा कि पार्टी नेता डेरेक ओ 'ब्रायन ने खुलासा किया है।

## गुरवाणी विचार

# लेखे छोड़ अलेखे छूटे हम निरगुण लेहो उबारी

तुम दाते ठाकुर प्रति पालक, नायक खसम हमारे
निमख निमख तुम ही प्रतिपाल हो हम बरिक तुमरे धारे
नेव्हा एक कवन गुन कही पै,
बेसुमार वेअंत सुवामी तेरी अंत न किनही लहीअै
कोटि अपराध हमारे खंड ह अनिक विधि समझावहो
हम असियान अलपमत धोरी तुम आपन बिरद रख आवहो
तुमरी सरणि तुमारी आसा-तुम ही सजन
राखहो राखनहार दिआला नानक घर के गोले।।

गुरवाणी की ये पंक्तियां राग धनासरी से ली गई है जो कि गुरु ग्रंथ साहिब के 674 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा पांचवे नानक प्रभु परमात्मा के गुणगान करते हुए मानव मन को समझा रहे हैं कि प्रभु परमात्मा सब किस्म की दाते देने वाला है। वह मालिक भी है और सब जीवों के पालन करने वाला भी है। सारा जगत उस परमात्मा के आगे भिखारी ही है और वह हर एक की झोली भरता रहता है। चाहे कोई उसकी भक्ति करता है या नहीं करता वह सबको कुछ न कुछ दे ही रहा है। हर प्राणी सबेरे खाली पेट उठता है पर पभु परमात्मा की कृपा से कुछ न कुछ खा कर ही सोता है। ऐसी प्रभु ने जुगती बनाई है। हमारे जीवन की अगुवाई करने वाला है। इस तरह वह हमारा मालिक भी है। वह हर क्षण हमारी पालना भी कर रहा है।

कोरोनाकाल की बिमारी में जब ऑक्सीजन की लोगों को जरूरत पड़ी तो दाल-आटे का भाव पता चल गया पर प्रभु तो हजारों वर्षों से हमें मुफ्त में हवा, पानी दे रहा है जिसकी कभी कोई कीमत नहीं लेता। पाल रहा अपनी धरती पर वो सबकी जिंदगी बदले में किसी से कुछ भी लेता नहीं है। जिस तरह एक मां अपनी संतान की पालना करती है। खुद भी गीले बिस्तर में सो जाती है पर अपनी संतान को कभी गीले में नहीं सुलाती। बच्चे को डांट फटकार भी लगाती है फिर सब भुला कर उसे गले से लगा लेती है। ठीक इसी तरह प्रभु परमात्मा भी हर प्राणी पर अपनी कृपा भरी नजर रखता है और हमारे द्वारा किए गए कई पापों को क्षमा भी कर देता है। चाहे हम उसकी भक्ति कर रहे हों या न भी कर रहे हों। इसलिए हर इंसान को हर वक्त प्रभु से यह बिनती करना चाहिए।

तुम करो दया मेरे सांईं।
ऐसो मति दीजै मेरे ठाकुर सदा सदा तुध धिआई।।

अगर वह हमारे द्वारा दिए गए कर्मों का लेखा जोखा, हिसाब करेगा तो हमें नरक में भी जगह नहीं मिल पाएगी।

इसीलिए
लेखे छोड़ अलेखे छूटे हम निरगुण लेहो उबारी।
नानक दास संत पोछे परियो राखि लेयो ए बारी।।

हमें अपने आपको गुलाम समझ कर प्रभु मालिक का हुक्म मानते रहना चाहिए।

मूल खरीदी लाला गोला, मेरा नावों सुहागा।
गुर की बचनी हाट बिकाना जित लाया तित लागा।।

तभी हमारा कल्याण हो सकता है। इसीलिए गुरवाणी द्वारा हमें समझाया है मन के पीछे चलने के बजाय गुरमति के अनुसार जीवनयापन करते हैं प्राणी के मन में गुरवाणी के साथ लगाओ। धीरे-धीरे होने लग जाएगा।

गुरमुखि वाणी नाम है, नाम रिदै बिसाई
मति पंखेरन वस हुई सत्गुरु धियाईं।।
नानक आप दयाल होये नामै लिख पराईं।

आपकी कृपा हो जाए तभी गुरु का नाम हमारे हृदय में प्रकट हो जाता है। नाम रूपी अमृत भी हमें तभी प्राप्त हो पाता है। यह संभव भी तभी है जब प्रभु परमात्मा की हम पर विशेष किरपा हो जाए। तभी हम इस संसार समुद्र से अपनी जीवन नौका सुचारू रूप से खेकर प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में जाकर स्थान प्राप्त हो पाएंगे।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# आचार संहिता को चिढ़ाती, चुनावी घोषणाएं

विधानसभा चुनाव से पहले सत्ता लोलुप नेता येन केन प्रकारेण सत्ता में काबिज होना चाह रहे हैं। विधानसभा के प्रथम चरण का मतदान 7 नवंबर को होना है। छत्तीसगढ़ में पदस्थ कांग्रेस सरकार के मुखिया भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के महासचिव राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनाव प्रचार- प्रसार की कमान संभाली है। चुनाव प्रचार के बहाने बड़े-बड़े लोक लुभावन वादे अपने घोषणा पत्र के माध्यम से कांग्रेस ने किए हैं। सबसे ज्यादा किसानों को साधने का प्रयास किया गया है। राहुल गांधी ने तो के जी से पी जी तक शिक्षा को मुक्त करने का ऐलान भी कर दिया है! कांग्रेस की ललचाई घोषणाओं के बाद भारतीय जनता पार्टी भी चुप बैठे रहेगी, ऐसा सोचना गलत होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भी अपना घोषणा पत्र जारी करने की बात कही है। घोषणा पत्र में क्या होगा? किसके लिए होगा? कौन खुश तथा कौन नाराज होगा कुछ समय बाद सामने आ जाएगा। सवाल यह उठता है कि चुनाव आचार संहिता के बाद ऐसा करना आचार संहिता का उल्लंघन क्यों नहीं माना जा रहा है? जब वाहनों की जांच के दौरान कैश से लेकर हर प्रकार की सामग्री यह मानकर जब्त की जा सकती है, कि वह मतदान को प्रभावित कर सकती है, तब घोषणाओं पर विराम क्यों नहीं?

चुनाव से पूर्व मतदाताओं को लुभाने की नीयत से फ्री की रेवड़ियां बांटने पर निर्वाचन आयोग मौन क्यों है? देखा जाए तो चुनाव संपन्न होने के बाद 5 वर्षों तक सत्ताधारी दल को जन सामान्य के लिए योजनाओं की याद नहीं आती! जैसे ही नए चुनाव पास आते हैं दो सप्ताह के भीतर योजनाओं की झड़ी मानसूनी बादल की तरह बरसने लगती है! कहने को तो आचार संहिता के बाद किसी प्रकार की घोषणा या नए कार्यों को करना नियम विरुद्ध होता है, किंतु निर्वाचन आयोग पार्टियों द्वारा की जाने वाली लोक- लुभावन घोषणाओं पर आंख और मुंह पर पट्टी बांधे नजर आता है!

देश के प्रत्येक मतदाता को यह जानने का हक है कि फ्री की रेवड़ियों या नि:शुल्क गिफ्ट बांटने के लिए सरकारी अथवा राजनीतिक दल पैसे कहां से ला रही है? अथवा लाएंगी? देश के एक-एक करदाता को यह जानने का अधिकार है कि उसकी गाढ़ी कमाई का हिस्सा, जो टैक्स के रूप में जा रहा है, उसका उपयोग कहां और कैसे हो रहा है? साथ ही घोषणा पत्र में लालच देने वाली पार्टी को यह बताना होगा की घोषणाओं को पूरा करने के लिए फंड कहां से आएगा?

आज हर दल सत्ता चाहता है और सत्ता की चाहत में उसके द्वारा फ्री की रेवड़ियों की मिठास घोषणा पत्र में लपेटकर मतदाताओं को परोसी जाती है! यही वह घोषणाएं होती हैं जो देश अथवा प्रदेश को दिवालिया करने में अपनी भूमिका अदा करती है। निर्वाचन आयोग ही वह ताकतवर संगठन है, जो ऐसी राजनीतिक पार्टियों पर लगाम लगा सकता है। आने वाले लोकसभा चुनाव में यदि निर्वाचन आयोग को ऐसी शक्ति दे दी जाती है, जिससे वह चुनाव आचार संहिता के उपरांत राजनीतिक दलों द्वारा की जाने वाली लोक लुभावन घोषणाओं पर लगाम लगा सके, तो हम प्रदेश के विकास की नई तस्वीर देख सकते हैं। यदि हमारे निर्वाचन आयोग को 'पिंजरे का तोता' बनाकर रख दिया गया तो, वह दिन दूर नहीं जब भारत वर्ष का श्रीलंका बन जाएगा! यदि हम श्रीलंका या फिर ऐसा ही कोई राष्ट्र नहीं बनना चाहते हैं, तो वित्त आयोग से लेकर नीति आयोग को फ्री की घोषणाओं पर नियंत्रण करने पर गौर करना होगा।

डॉ सूर्यकांत मिश्रा, राजनांदगांव

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### आलू से भरा ट्रक पलटा, चालक और क्लीनर घायल



**सिरोंज, देशबन्धु।** केथनडेम की पुलिया के पास आज ट्रक पलट गया। आलू के बोरों से भरा यह ट्रक आगरा से आलू लेकर सिरोंज आया था। मोड़ पर पुलिया के पास किसी कारण से पलट गया और रोड से नीचे डेम की खंती में जा गिरा। ड्राइवर मेघराज उम्र 43 साल ओर क्लीनर उनका पुत्र अमन दोनो घायल हो गए। सिरोंज पुलिस ने तत्काल दोनो को सिरोंज अस्पताल पहुंचाया जहां से दोनों को भोपाल रेफर कर दिया गया। ड्राइवर मेघराज ही ट्रक का मालिक भी है। पुलिस ने हाइड्रा बुलवाकर ट्रक को खंती से खिंचवाकर रोड पर खड़ा किया। बिखरे हुए आलू के बोरों को भी पुलिस ने एक जगह जमा करवाया। घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

### हिंदी और अंग्रेजी भाषा में मतदाताओं को मिलेगी जानकारी

**रायसेन, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश के मतदाताओं की सुविधा के लिए सीईओ एम.पी. के नाम से व्हाट्एप चैटबॉट लांच किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश के मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां आसानी से मिल सके, इसके लिए मतदाताओं को व्हाट्सएप चैटबॉट की सुविधा प्रदान की गई है। इस नवाचार के तहत चैटबॉट के माध्यम से बातचीत कर मतदाता निर्वाचन से संबंधित विभिन्न जानकारियां जैसे मतदाता सूची में नाम दर्ज है या नहीं, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के तरीके, उसमें लगने वाले दस्तावेज आादि निर्वाचन से जुड़ी महत्वूपर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। यह हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में 24 घंटे उपलब्ध है। नागरिक वेबसाइट पर जाकर आसानी से व्हाट्सएप चैटबॉट से जुड़ सकते हैं। व्हाट्सएप चैटबॉट से वेबसाइट के साथ ही मतदाता क्यूआर कोड के माध्यम से भी सीईओ एमपी के व्हाट्सएप चैटबॉट से आसानी से जुड़ सकते हैं। इसके लिए मतदाताओं को क्यूआर कोड स्कैन कर लिंक पर क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही सीईओएमपी के नाम से वैरीफाइड व्हाट्सएप पेज ओपन होगा। क्यूआर कोड भी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### मतदान जागरूकताः मतदान प्रतिशत बढ़ान लिया संकल्प

**गंज बासौदा, देशबन्धु।** शहर वाचनालय मतदान केंद्र पर नियुक्त बीएलओ सरदार सिंह रघुवंशी साथियों ने एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि मतदान हमारा मौलिक अधिकार है और उसको करना प्रत्येक राष्ट्र के नागरिक का प्रथम कर्तव्य है उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अनुरोध किया कि वह मतदान अवश्य करें एवं अपने-अपने वार्ड में नगर में और मोहल्ले में मतदान के लिए सभी नागरिकों को जागरूक करें इस अवसर पर सभी लोगों ने मतदान करने का संकल्प लिया और मतदाता जागरूकता अभियान का के बारे में लोगों को जानकारी दी इस अवसर पर शहर वाचनालय स्थित मतदान केंद्र के वीएलओ सरदार सिंह रघुवंशी प्रवीण माथुर कैलाश पटवा कैलाश नेमद्य दीपू सोलंकी शक्ति सिंह रघुवंशी बबलू राय राजा अरोड़ा सहित अन्य मतदाता उपस्थित थे।

# चारों विधानसभाओं में 1226 मतदान केन्द्रों पर 10 लाख से अधिक मतदाता करेंगे मतदान

- 17 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

**रायसेन, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयेग द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार जिले की चारों विधानसभा भोजपुर, उदयपुरा, सांची और सिलवानी में 17 नवम्बर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह 5:30 बजे से मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया अभ्यर्थी या उसके अधिकृत एजेन्ट की उपस्थिति में होगी। यदि कोई अभ्यर्थी या उसका एजेन्ट सुबह 5: 30 बजे मतदान केन्द्र पर उपस्थित नहीं होता है, तो 15 मिनट तक उसका इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। न्यूनतम 50 वोट से मॉकपोल किये जाने का प्रावधान है, जिसमें नोटा भी शामिल होगा। मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी को वीवीपीएटी कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी की टेबल या मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा।

जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1226 मतदान केन्द्र बनाए गए हैंए जिनमें सुगम मतदान के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-140 उदयपुरा में 308 मतदान केन्द्रए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 141 भोजपुर में 310 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-142 सांची में 332 मतदान केन्द्र तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-143 सिलवानी में 276 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। रायसेन जिले में कुल 1007875 मतदाता हैंए जिनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 525474 है तथा महिला मतदाताओं की संख्या 482373 है। अन्य मतदाताओं की संख्या 28 है। उदयपुरा विधानसभा में कुल 262082 मतदाता हैं, जिनमें 136690 पुरूष मतदाताए 125387 महिला मतदाता और 5 अन्य मतदाता शामिल हैं। भोजपुर विधानसभा में कुल 255838 मतदाता हैं, जिनमें 133131 पुरूष मतदाताए 122693 महिला मतदाता और 14 अन्य मतदाता शामिल हैं। सांची विधानसभा में कुल 264582 मतदाता हैं, जिनमें 137657 पुरूष मतदाता, 126918 महिला मतदाता और 7 अन्य मतदाता शामिल हैं। सिलवानी विधानसभा में कुल 225373 मतदाता हैंए जिनमें 117996 पुरूष मतदाताए 107375 महिला मतदाता और 02 अन्य मतदाता शामिल हैं।

### जिले में आयोजित की जा रही है स्वीप गतिविधियां



रायसेन, देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन-2023 में रायसेन में शत-प्रतिशत मतदान कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार रायसेन जिले में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में सभी नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम महूजागीर में शिक्षक एवं स्कूली बच्चो द्वारा रैली निकाली गई और ग्रामीणों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया।

### मतदाताओं को पीले चावल देकर दिया जा रहा आमंत्रण

जिले में विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशन में सम्पूर्ण जिले में स्वीप प्लान के अंतर्गत विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में नगरीय निकायों तथा ग्रामों में घर-घर जाकर मतदाताओं को पीले चावल देकर आगामी 17 नवम्बर को मतदान केन्द्र आकर वोट डालने का आमंत्रण दिया जा रहा है।

उपजेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

# विचाराधीन बंदी बदलाव के लिए अपने जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण रखें: न्यायाधीश



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** जेल में बंद बंदी अपने जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपना कर अपने नकारात्मक भावों को अपने से दूर करें एवं आत्म अवलोकन करें और स्वंय अनुशासन अपना कर अपने जीवन को सफल बनाकर अपना जीवन अपने जीवन की सार्थकता को सिद्ध करें। उक्त बात उप जेल में न्यायाधीश शशांक सिंह ने विधिक साक्षरता शिविर में बोलते हुए जेल में बंद बंदियों से कहीं। विधिक सहायता शिविर का संचालन अधिवक्ता राजेश सक्सेना ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने मानव अधिकार एवं संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उल्लेख करते हुए कहा कि अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्य का भी निर्वहन करें। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के प्रवेश शर्मा ने इस अवसर पर फाउंडेशन द्वारा किए गए कार्यो को विस्तार से जानकारी दी और न्यायाधीश को फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक के भी भेंट की। जेल अधीक्षक आलोक कुमार भार्गव ने बंदियों को सलाह दी कि वह अपराध न करें यही उनकी सबसे बड़ी समाज सेवा होगी। इस अवसर पर योग गुरु महेंद्र सिंह रघुवंशी एवं समाज सेवी लोकेश सक्सेना ने योग के विभिन्न आयामों को विस्तार से बतलाया और समाज सेवा के विभिन्न प्रकल्पों की जानकारी दी। इस अवसर पर बंदियों की अनेक समस्याओं के बारे में न्यायाधीश शशांक सिंह ने गंभीरता से उनकी शिकायतों को सुना और उनके समाधान के लिए निर्देश भी दिए।

# भाजपा प्रत्याशी के प्रचार में उतरी स्व. लक्ष्मीकांत की बेटियां



**सिरोंज, देशबन्धु।** जिस अंदाज में पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा क्षेत्र के लोगों के बीच पहुंचकर वोट की अपील करते थे उसी अंदाज में इन दिनों उनकी बेटियां भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा के लिए जनसंपर्क कर रही है। भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा के लिए एक ओर जहां पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मोर्चा संभाल रखा है वही अब उनके बड़े भाई लक्ष्मीकांत शर्मा की दो बेटियां भी प्रचार में सक्रिय दिखाई दे रही है। क्षेत्र के नेताओं और महिला कार्यकर्ताओं के साथ वह क्षेत्र की उन्नति के लिए अपने पापा के संजोए अधूरे सपनों को पूरा करवाने के लिए ग्रामीण इलाकों में बुजुर्गों ओर महिलाओं से चाचा उमाकांत के लिए वोट की अपील कर रही है। रविवार को रितु भौरिया सेक्टर, राधा गरेठा सेक्टर में सक्रिय रही। जहां उन्होंने घर घर जाकर महिलाओं और बुजुर्गों से भाजपा को वोट करने की अपील की। इस दौरान महिलाओं ने जहां दोनों बेटियों को तिलक एवं माला पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाब सिंह कुर्मी, जनपद अध्यक्ष पुष्पा यादव, जनभागीदारी अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव,भैरो सिंह कुर्मी, विष्णु गर्ग, भगीरथ कुर्मी,मोहर सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लाड़कुई मंडल के कई गांवों में कार्तिक ने किया जनसंपर्क



**भेरून्दा/नसरूल्लागंज, देशबन्धु।** बुधनी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं और सभा भी कर रहे हैं। लाड़कुई मंडल के ग्राम सनकोटा, कोसमी, सिंहपुर, रफीकगंज कुरी नयापुरा, पांगरी आदि ग्रामों में कार्तिक सिंह चौहान द्वारा जनसंपर्क किया गया। ग्राम सिंहपुर एवं ग्राम रफीकगंज में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्तिकेय सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आपको सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया है। उन्होंने कहा कि जब आपके शिवराज भैया आपकी इतनी चिंता करते हैं तो आपको अपना जमकर आशीर्वाद उनको देना चाहिए। कोई बाहर का व्यक्ति आकर वोट क्यों ले जाए मैंआज कोई योजनाएं गिनाने नहीं आया हूं। बस आपसे आपका आशीर्वाद मांगने आया हूं। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय ने भी संबोधित किया।

# जिला स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

- माय स्कूल अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थी लोकगीत में रहे प्रथम



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** प्रतिष्ठित इंग्लिश मीडियम के माय स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर कीर्तिमान स्थापित किया है विदिशा के सी एम राइज बरईपुर स्कूल में जिला स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक, साहित्यिक व लौकिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गंजबासोदा के माय स्कूल के छात्राओं ने कनिष्ठ वर्ग लोकगीत प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है भाग लेने बाली छात्राओं में कुमारी यशी रघुवंशी, हर्षिता श्रीवास्तव, वैष्णवी विश्वकर्मा, उपासना मैथिल, अनामिका कुशवाह, मछला कुशवाहा, तनु यादव व राधिका सेन ने विदिशा सी एम राइज पहुंचकर रंगारंग प्रस्तुति दी। इन सभी विद्यार्थियों का चयन संभाग स्तर के लिए हो गया है जो संभाग पर 7 नवंबर को अपनी प्रस्तुति देंगे इस तैयारी में संगीत शिक्षकों शंभू गिरी गोस्वामी व कुमारी कीर्ति परिहार का प्रयास सराहनीय रहा। जिला स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता में सुभाष निकेतन की कक्षा आठवीं की छात्रा फिजा खान ने जिला स्तरीय बाल रंग की संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में जिला कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह भी संभाग स्तर के लिए चयनित हुई है।

# खडरियापुरा गांव में आचार संहिता का उल्लंघंन करने पर एफआईआर दर्ज

**मुरैना, देशबन्धु।** अज्ञात लोगो द्वारा बीजेपी के चुनाव चिन्ह की साडी एवं टी शर्ट को वोट करने का प्रलोभन देकर ग्राम खडरियापुरा थाना पहाडगढ मे वितरित करने पर पहाडगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर एफएसटी टीम विधानसभा क्षेत्र 04 जौरा द्वारा 03 नवम्बर को रात्रि 10.20 बजे ग्राम खडरियापुरा थाना पहाडगढ पहुंचकर वायरल वीडियो वाले व्यक्ति के घर पर परिवार के सदस्यों के कथन दर्ज किये। जिसमें उनके द्वारा पूरे गांव में बीजेपी के चुनाव चिन्ह वाली साडी एवं टी शर्ट अज्ञात लोगो द्वारा वितरित कर वीजेपी के लिये वोट करने की बात बताई गई, जो चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर वोट अपने पक्ष (बीजेपी) में करने की प्रलोभन देने की श्रेणी में आता है। पहाडगढ़ थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 171 (ख) एवं धारा 188 के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में एफएसटी टीम 2 प्रभारी जीतेन्द्र कुमार गुप्ता, एफएसटी टीम (1) रमेश कुमार, एफएसटी टीम (3) ब्रजेश चन्द्र उपाध्याय प्रआर. रामअवतार आदि शामिल रहे।

### चेकिंग के दौरान स्कूटी से 5 किलो चांदी बरामद, एसएसटी कर रही जांच

मुरैना। जिले के टेंटरा थाना क्षेत्र में पुलिस एवं एसएसटी टीम द्वारा चेकिंग के दौरान एक स्कूटी सवार युवक से 5 किलो चांदी बरामद की गई है, जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

थाना टेंटरा तिराहे पर लगे एसएसटी चैकिंग पॉइन्ट पर थाना प्रभारी शिवप्रताप सिह कुशवाह व एसएसटी टीम ने पुलिस फोर्स के साथ चैकिंग के दौरान एक स्लेटी कलर की सुजुकी स्कूटी नंबर एमपी 06-एसए-0236 के चालक सोनू वर्मा पुत्र रमेश चंद्र वर्मा उम्र 38 साल नि.महावीर पुरा मुरैना की तलाशी लेने पर उसके स्कूटी पर रखे बैग में चांदी के जेवरात व पूजा के बर्तन आदि कुल बजनी करीबन 05 किलो जिसकी कीमत करीबन 3 लाख 50 हजार रुपये जप्त की। सोनू वर्मा के द्वारा उक्त माल के मोके पर कागजात पेश ना करने व उक्त माल के संबन्ध मे कोई संतोष जनक उत्तर ना देने से पुलिस ने चांदी को जप्त कर थाने में सुरक्षित रख दिया है।

# पौधरोपण के साथ श्रमदान दल ने बेतवा घाट से निकला कचरा

- श्रमदान अभियान में स्वच्छता के लिए हर सप्ताह की जा रही सफाई



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** नदी जल स्वच्छता संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन की दिशा में प्रयासरत श्रमदान दल द्वारा अपने साप्ताहिक श्रमदान अभियान के छठवें चरण में रविवार बेतवा नदी स्थित रिपटा घाट पर स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। तीन घंटे तक चले श्रमदान कार्यक्रम की शुरुआत पौधरोपण के साथ हुई। सर्वप्रथम दल के सदस्यों ने बेतवा नदी के घाट के किनारे दो वृक्षों को शिफ्ट किया। बता दे इसमें से नीम का वृक्ष जिसकी लंबाई लगभग 8 फीट थी अधिवक्ता सत्यनारण शर्मा से और दूसरा वृक्ष जासोन जिसकी लंबाई लगभग 4 फीट राधेश्याम अग्रवाल से श्रमदान दल को प्राप्त हुए थे। जिन्हे कुशलता एवं सफलता पूर्वक दल द्वारा शिफ्ट कराया गया। इसके बाद श्रमदान दल द्वारा नदी के प्रवाह क्षेत्र से लगभग एक ट्राली कचरा निकाला ताकि नदी के जल को ओर अधिक प्रदूषण से रोका जा सके। श्रमदान दल के सदस्यों ने बताया कि तमाम प्रयासों के बावजूद लोग न तो समझदारी का परिचय दे रहे है और न जिम्मेदारी । परिणाम स्वरूप प्रति सप्ताह निकलने वाले कचरे की मात्रा में कोई कमी आती दिखाई नहीं दे रही हैं। दिन प्रतिदिन नदियों की दशा बद से बदतर होती जा रही है। इस वर्ष वैसे भी औसत से कम वर्षा हुई । जिस कारण नदी में जल का स्तर औसत से कम है बाबजूद यदि ऐसे ही लोग नदियों को प्रदूषित करते रहे और समय रहते। प्रशासन ने जलाशयों के संरक्षण के लिए कठोर कदम नहीं उठाए तो बहुत जल्द पेय जल संकट का सामना भी करना पड़ सकता है। रविवार को संपन्न श्रमदान कार्यक्रम में एवन सिंह विश्वकर्मा आकाश जैन दीपेश शर्मा नितिन अहिरवार दिनेश चौरसिया नितिन अग्रवाल नीरज साहू राहुल कुशवाह नीतेश रघुवंशी एवम बाल श्रमदानी वेदांशी रघुवंशी तथा कनक रघुवंशी उपस्थित रहें।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### भाजयुमो ने निकाली बाइक रैली



**हरदा, देशबन्धु।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में रविवार को कमल विजय संकल्प यात्रा विशाल बाइक रैली एवं युवा महा सम्मेलन का आयोजन किया गया। बाइक रैली संत रविदास चौक से प्रारंभ हुई जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए नारायण टॉकीज चौक पर सभा स्थल पर पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कवि सुमित ओरछा ने अपनी कविताओं का पाठ कर युवाओं में जोश भरा। कार्यक्रम में स्वागत भाषण युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय जेवल्या ने दिया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अमर सिंह मीणा, युवा नेता संदीप पटेल, मंडल अध्यक्ष विनोद गुर्जर, हंडिया मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, भाजपा महामंत्री देवी सिंह सांखला, सांसद प्रतिनिधि राजेश काका वर्मा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश गोदारा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रहलाद पटेल जेवलिया, मनोहर लाल शर्मा ,प्रदीप गौर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### खेत में रखी धान और सोयाबीन की फसल में लगी आग



**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभातपट्टन ब्लॉक के ग्राम शेरगढ़ में रविवार की शाम 5 बजे एक किसान के खेत में खरई लगाकर रखी धान की फसल में आग लगने से एक लाख रुपए की फसल जलकर राख हो गई। नगर पालिका के फायर कर्मचारी सुमित पूरी ने बताया कि रविवार की शाम 5 बजे ग्राम शेरगढ़ में किसान प्रकाश बुआडे के खेत में रखी दो एकड़ की धान की खरई,एवं एक एकड़ की सोयाबीन की खरई में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आगजनी की सूचना मिलते ही मुलताई नगर पालिका की फायर टीम ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाई। किसान प्रकाश ने बताया कि फसलों में आग लगने से उसे एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग बुझाने में फायर कर्मचारी राहुल चंडालिया, गिरीश पीपले,भूपेंद्र राठौड़ की भूमिका रही।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के 11 वचनों की दी जानकारी

# छिंदवाड़ा सांसद नकुलनाथ ने कांग्रेस प्रत्याशी के लिए की चुनावी सभा



**हरदा,देशबन्धु।** ग्राम बैडी में कांग्रेस की चुनावी सभा में शनिवार को कांग्रेस के स्टार प्रचारक और छिंदवाड़ा के सांसद नकुलनाथ पहुंचे। सभा को संबोधित करते हुए नकुलनाथ ने इस दौरान भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के द्वारा दिए गए 11 वचनों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनते ही किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा बिजली का बिल 100 यूनिट तक मुफ्त किया जाएगा साथ ही महिलाओं के खाते में 1500 रुपए हर महीने आएंगे। बच्चों को कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक पढ़ो पढ़ाओ योजना के अंतर्गत सहायता राशि दी जाएगी और भी कई सारी सौगात कमलनाथ के द्वारा प्रदेश की जनता को दी जाएगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल ने कहा कि संगठन पूरी तरह से कांग्रेस को जिताने के लिए तैयार है।उन्होंने कहा हमारे कार्यकर्ता हर बूथ पर आम जनता की जो भी मदद लगेगी वह सब करेंगे और मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे हरदा जिले की दोनों विधानसभाओं पर भी कांग्रेस का परचम लहराएगा। इस बार सीधे जनता चुनाव लड़ रही हैं क्योंकि आज भाजपा ने हर वर्ग को तकलीफ दी हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के प्रत्येक विभाग में भ्रष्टाचार हुआ है। युवा, महिला, बच्चे, बुजुर्ग सभी आज परेशान है व्यापारी वर्ग मजदूर वर्ग और सभी प्रदेश के और जिले के लोग भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से हताश एवं बेहाल है महंगाई बेरोजगारी जैसी समस्याओं से जनता मे भाजपा के प्रति आक्रोश व्याप्त है। इसलिए जनता इस बार कांग्रेस को वोट करेगी, कांग्रेस की सरकार बनेगी और कमलनाथ मुख्यमंत्री बनेंगे जनता ने ऐसा मन बना लिया है। कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामकिशोर दोगने ने कहा कि भाजपा ने जनता को केवल बेवकूफ बनाया इनकी कोई भी योजना धरातल पर लागू नहीं हुई ।हरदा विधानसभा में विकास के नाम पर केवल भाजपा के नेताओं का विकास हुआ साथ ही जिले में अवैध गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई इसलिए इस बार कांग्रेस की सरकार बनने पर हरदा विधानसभा हरदा जिले के साथ-साथ पूरे मध्य प्रदेश का भविष्य उज्जवल होगा उन्होंने मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। राजेन्द्र पटेल, सुरेन्द्र जैन ने भी सभा को संबोधित किया । इस दौरान ग्राम रातातलाई के 35, ग्राम रेलवा के 30, धनगांव के 18 ऐसे कुल लगभग 100 लोगों ने भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी कि सदस्यता ली। इस दौरान लक्ष्मीनारायण पँवार, रामदीन पटेल, राधेश्याम सिरोही, बद्री पटेल, हेमंत टाले, अनिल बंसल, अशोक नेगी, केदार सिरोही, राहुल पटेल, रानु दशरथ पटेल, लक्ष्मीनारायण पटेल, अवनी बंसल, अनिल सुरमा, सुरेन्द्र जैन, विजय सूरमा, आदित्य गार्गव, गोविन्द व्यास, उत्तम तेनगुरिया, अमर रोचलानी, दीपक सारण, संख्या मे आमजन उपस्थित रहे।

# जिले की पांचों विधानसभाओं में प्रेक्षकों की पैनी नजर



**बैतूल, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बैतूल जिले की पांचों विधानसभाओं में प्रेक्षकों की पैनी नजर बनी हुई है। प्रेक्षक बी बाला मायादेवी द्वारा निष्पक्ष मतदान करवाने बैतूल विधानसभा क्रमांक-131 एवं घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्रमांक-132 का लगातार दौरा किया जा रहा है। प्रेक्षक द्वारा बैतूल-131 के मतदान केन्द्र क्रमांक 245 घुटीगढ़ शेडो मतदान केन्द्र का दौरा कर निरीक्षण किया गया। मुलताई-129 तथा आमला-130 के सामान्य प्रेक्षक सुश्री हरिता बी कुमार द्वारा ग्रामीण तथा शहरी मतदान केन्द्रों का दौरा कर चौकस निगाह रखी जा रही है। केके सुदामा राव सामान्य प्रेक्षक भैंसदेही-133 के कुकरू खामला, भीमपुर आदि क्षेत्रों का दौरा कर निष्पक्ष एवं स्वतंत्र मतदान कराने के लिए पैनी निगाह रखी जा रही है। व्यय प्रेक्षक नेमसिंह द्वारा मुलताई 129 एवं आमला 130 के विभिन्न चेक पोस्ट, नाकों पर लगातार गश्त कर निगरानी रखी जा रही है। व्यय प्रेक्षक अर्नब मुखर्जी द्वारा बैतूल 131, घोड़ाडोंगरी 132 तथा भैंसदेही 133 के चेक पाईंट खोमई, धारनाका एवं बैतूल शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार दौरा कर निष्पक्ष निर्चाचन हेतु प्रशासन को चौकस रखा जा रहा है।

# कांग्रेस प्रत्याशी डागा ने समर्थकों के साथ किया जनसंपर्क



**बैतूल, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी निलय विनोद डागा ने रविवार आठनेर चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करने के बाद आठनेर नगर के मतदाताओं से आशीर्वाद और समर्थन मांगा, इसके पश्चात उन्होंने बैतूल शहर के विकास नगर में भी डोर-टू-डोर पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा ने जनसंपर्क के दौरान मतदाताओं से कहा कि मेरे परिवार को बैतूल ने इतना दिया कि मैं इस धरती का कर्ज जिंदगी भर नहीं चुका पाऊंगा । उन्होंने कहा कि मैं बैतूल विधानसभा की सेवा के लिए कृत संकल्पित हूं, मेरे घर के दरवाजे हमेशा आप लोगों के लिए खुले हैं। आपके सुख-दुख में मैं बराबरी से खड़ा हूं। बैतूल विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा ग्रामीण क्षेत्र में अपने समर्थकों के साथ लगातर जनसम्पर्क कर रहे है। डागा कई जगह भावुक हो गए और उन्होंने मतदाताओं से आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि डागा परिवार राजनीति सेवा के लिए कर रहा है और मुझे आपके आशीर्वाद से पिछली बार भी सेवा का अवसर मिला था और इस बार फिर आपका आशीर्वाद ही मुझे आपकी सेवा का मौका देगा।

# भाजपा सरकार ने विकास कार्य करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी: वर्मा

▸ बैतूलबाजार में भाजपा के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ



**बैतूल, देशबन्धु।** जैसे-जैसे मतदान की तिथि करीब आ रही है। विधानसभा चुनाव का प्रचार भी रफ्तार पकड़ता जा रहा है। बैतूल विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी हेमंत खण्डेलवाल के चुनाव कार्यालय का बैतूलबाजार नगर में रविवार को शुभारंभ किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने बैतूलबाजार नगर के चौकीपुरा में भाजपा प्रत्याशी खण्डेलवाल के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। इस मौके पर संगठन के पदाधिकारियों, नगरीय निकाय के पदाधिकारियों के साथ स्थानीय भाजपा नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। चुनाव कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर मौजूद लगभग 5 सैकड़ा कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी हेमंत खण्डेलवाल को जिताने के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करवाने का संकल्प लिया। चुनाव कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता जितेन्द्र वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का विकास से कभी कोई नाता नहीं रहा है। कांग्रेस की सरकारों के दौर में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ, शिक्षा सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं आमजन को मिलना मुश्किल हो गई थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मध्यप्रदेश सरकार ने हर क्षेत्र में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करने के साथ ही आमजन की तरक्की की नई इबारत लिखी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के ही राज में देश-प्रदेश जिले सहित गांव तक चौमुंखी विकास की तस्वीर साफ नजर आती है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी हेमंत खण्डेलवाल द्वारा किए गए विकास कार्यो को क्षेत्र की जनता बखूबी समझती है। उन्होंने हर क्षेत्र में विकास कार्य करवाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। चुनाव कार्यालय के शुभारंभ मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता रज्जू वर्मा भा, मदन राठौर, दीपक वर्मा, पूर्व नप अध्यक्ष बैतूलबाजार संजय वर्मा, पूर्व नप अध्यक्ष बैतूलबाजार सुधाकर पंवार, नप अध्यक्ष बैतूलबाजार दुर्गावति संजय वर्मा, नप उपाध्यक्ष सुरेश गायकवाड़ आदि मौजूद रहे।

# 2 दिवसीय धम्म मेले का आयोजन, बड़ी संख्या में पहुंचे अनुयायी



**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सालबर्डी में दो दिवसीय भव्य एवं दिव्य धम्म मेले का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में बौद्ध धम्म के अनुयायी शामिल हुए। ग्राम सालबर्डी में स्थित विश्व शांति बुद्ध विहार में पूज्य भंते बुद्धपुत्र पुण्याजी द्वारा पूरे कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भंते ज्ञान ज्योति महाथेरो द्वारा की गई।

शनिवार से शुरू हुए दो दिवसीय मेले में बड़ी संख्या में बौद्ध धर्म के अनुयायी उपस्थित हुए और भंते ज्ञान ज्योति महाथेरो द्वारा इस अवसर पर बुद्ध धम्म के उपदेश दिए गए। धम्म देशना का आयोजन किया गया। बुद्ध के बताए हुए मार्गों पर चलने का लोगों ने संकल्प लिया। आपस में मैत्री, करुणा, सद्भाव और विश्व में शांति बनाए रखना हेतु बुद्ध के द्वारा दिए गए संदेश को दोहराया गया। राजकुमार शेषकार ने बताया कि शनिवार सालबर्डी के विश्व शांति बुद्ध विहार में दो दिवसीय भव्य एवं दिव्य धम्म मेले का शुभारम्भ तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती जलाकर किया गया। रविवार मेले का समापन किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र क्षेत्र के बौद्ध अनुयायी हजारों की संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर शनिवार रात मंगलमय यात्रा भी ग्राम सालबर्डी में निकाली गई जिसमें समस्त ग्रामवासी शामिल रहे।

# 8 को होगी मैराथन, मतदाता जागरूकता के लिए दौड़ेगा शहरवासी

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 8 नवंबर को भव्य मैराथन का आयोजन किया गया है। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत 5 किलोमीटर लंबी यह मैराथन सुबह 7.00 बजे प्रारंभ होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमनबीर सिंह बैंस ने मैराथन में प्रशासन, नव मतदाता, पत्रकार, वकील, डॉक्टर, सभी समाजसेवी संस्थाएं, व्यापारी, नागरिक, नेता, कार्यकर्ता, छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे जागरूक मतदाता के रूप में भाग लेकर मतदान पर्व को सफल बनाएं।

निर्वाचन के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी एवं सहायक कलेक्टर ऐश्वर्या वर्मा ने बताया कि मैराथन सुबह 7 बजे पुलिस ग्राउंड से प्रारंभ होकर शिवाजी चौक से एसपी ऑफिस, टेलिफोन एक्सचेंज गंज होते हुए बाबू चौक पहुंचेगी। बाबू चौक, जेएच कॉलेज से एसपी ऑफिस होते हुए वापस शिवाजी चौक, मुल्ला पेट्रोल पंप से जिला हॉस्पिटल होते हुए वापस पुलिस ग्राउंड पहुंचेगी। मैराथन में भाग लेने के लिए पंजीयन 7 से 8 तारीख को आधी रात तक ऑनलाइन खुला रहेगा। इसके अलावा जो प्रतिभागी किसी वजह से ऑनलाइन एंट्री नहीं कर पाते उनके लिए 8 नवंबर को सुबह 6.45 बजे तक पुलिस ग्राउंड पर समक्ष में पंजीयन कर सकेंगे। वर्मा ने बताया कि मैराथन में विजेताओं को नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। विजेताओं को महिला एवं पुरुष संवर्ग में प्रथम पुरस्कार के रूप में 3 हजार और उपविजेताओं को 2 हजार दिए जाएंगे। इसके अलावा मैराथन पूर्ण करने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन स्वरूप मेडल एवं प्रशिक्षण पत्र प्रदान किया जाएगा। ऑनलाइन पंजीयन कराया जा सकेगा।

# लायंस क्लब ने दीपावली के पूर्व जरूरतमंदों को बांटी मिठाई और आवश्यक सामग्री



मुलताई, देशबन्धु। दीपावली के अवसर पर लायंस क्लब ताप्ती नगरी मुलताई द्वारा सार्थक दीपावली कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम उभारिया और ग्राम जूना पानी ढाना में लगभग 70 परिवारों को मिष्ठान एवं घर के जरूरत का सामान का वितरण किया। लायंस क्लब अध्यक्ष लायन राजीव जैन ने बताया की लायंस क्लब ताप्ती नगरी द्वारा यह कार्य बीते 10 वर्षों से किया जा रहा है। सार्थक दीपावली कार्यक्रम में लायंस क्लब सह परिवार उपस्थित रहकर ग्रामीणों के साथ दीपावली का यह त्यौहार मनाता है। सार्थक दीपावली के इस कार्यक्रम में लायन दीपेश बोथरा , लायन नमन अग्रवाल ,लायन योगेश पटेल,लायन हेमंत शर्मा ,लायन महेश नायक,लायन आशीष जैन,लायन अजय खंडेलवाल,लायन जयेश संघवी,लायन राहुल अग्रवाल,लायन सुरेंद्र सिंह राठौड़,लायन पंकज जायसवाल,लायन सुनेंद्र देशमुख सभी ने इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में विशेष सहयोग दिया।

*मतदान को लेकर कन्या स्कूल में टीमों को दिया प्रशिक्षण*

# दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक आयु के 299 मतदाता कल घर पर करेंगे मतदान



**मुलताई, देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग द्वारा शत प्रतिशत मतदान संभव हो सके ऐसे प्रयास किया जा रहे हैं, जिसके तहत 80 वर्ष से अधिक आयु वाले एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग जो मतदान करने मतदान केंद्रों तक नहीं पहुंच सकते थे, उनके लिए होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। रविवार को नगर के पीएमश्री कन्या शाला स्कूल में होम वोटिंग संपन्न करने वाले मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुलताई रिटर्निंग ऑफिसर तृप्ति पटैरया, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अनामिका सिंह, सुश्री डॉली रैकवार, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं प्रशिक्षण केंद्र प्रभारी जितेंद्र खन्ना सहित विभिन्न अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**26 रूट के लिए 26 मतदान दलों का किया गठन:** सहायक रिटर्निंग अधिकारी अनामिका सिंह द्वारा बताया गया कि 7 नवंबर को होम वोटिंग संपन्न कराई जानी है, जिसके लिए कुल 26 मतदान दलों का गठन किया गया है। जो 26 रूट पर जाकर मतदान सम्पन्न कराएंगे। इन दलों में दो मतदान अधिकारी, एक माइक्रो आब्जर्वर, एक सुरक्षाकर्मी और एक वीडियो ग्राफर को नियुक्त किया गया है। इनके सेक्टर अधिकारी बीएलओ रहेंगे, वहीं ग्राम सचिव द्वारा मतदान कराने में सहयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 7 नवंबर को सुबह 6 बजे मुलताई तहसील कार्यालय से सभी मतदान दल चुनाव सामग्री प्राप्त कर रवाना होंगे।

**12 डी फार्म भरने वाले को उपलब्ध करवाई जा रही होम वोटिंग सुविधा:** चुनाव आयोग द्वारा दिव्यांग एवं बुजुर्गों के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। हालांकि मुलताई क्षेत्र में कुल 6666 ऐसे मतदाता है, किंतु उनमें से मात्र 299 मतदाताओं द्वारा 12 डी फार्म भरे गए थे, जिसके तहत उन्हें यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## सार समाचार

### आज किया जाएगा 5 प्रतिशत अतिरिक्त ईवीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए रविवार को कलेक्टर कार्यालय तवा भवन स्थित ईवीएम वेयरहाउस में ईवीएम मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग और मॉकपोल की कार्यवाही की गई।

संपूर्ण प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूर्ण की गई। अब आगे 6 नवंबर को अतिरिक्त 5 प्रतिशत ईवीएम मशीनों की प्रथम सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन किया जाएगा। उल्लेखनीय की भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार कुल 130 प्रतिशत वीवीपीएटी, 120 प्रतिशत बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट का रेंडमाइजेशन किया जाना है। पूर्व में 125 प्रतिशत वीवीपीएटी , 115 प्रतिशत बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट का रेंडमाइजेशन किया जा चुका हैं। एफएलसी प्रक्रिया के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, नोडल एवं कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कुबेर सिंह मिर्धा, नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे, निर्वाचन सुपरवाइजर कैलाश दुबे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने सनखेड़ा में जनसभा को संबोधित किया

# राहुल मप्र आएं और कांग्रेस नेताओं के फटे कपड़ों पर रफू करें



**इटारसी, देशबन्धु।** केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने आज सोहागपुर विधानसभा अंतर्गत ग्राम सनखेड़ा में भाजपा प्रत्याशी विजयपाल सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल, उपाध्यक्ष संदेश पुरोहित, आशुतोष शरण तिवारी, राजेंद्र सिंह राजपूत सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सभा को संबोधित करते हुए श्री तोमर ने कांग्रेस, राहुल गांधी, दिग्विजय सिंह और कमलनाथ पर निशाना साधा। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोई माई के लाल में हिम्मत नहीं, भारत को तोड़ने की बात कह सके। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकालकर केवल भ्रम फैलाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी मप्र आएं, यहां जो कमलनाथ, दिग्विजय सिंह के जो कुर्ते फाड़े जा रहे, उनके फटे हुए कुर्तों को अगर आप रफू करवा दोगे तो कांग्रेस का एक बड़ा काम आपके खाते में चला जाएगा। उन्होंने कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है, जिसने अपने सर्वमान्य नेता राहुल को 7 बार लांच किया। सातों बार लांच फेल हो गया। उन्होंने सभी से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मीडिया से चर्चा में उन्होंने दावा किया कि मध्य प्रदेश में फिर से बीजेपी की स्पष्ट बहुमत वाली सरकार बनने बनेगी। मप्र में मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर नरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि इस बार फिर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान होंगे। सभा में 10 दिन पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा ज्वाइन की पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा ने संबोधित किया।

# मतदान के पूर्व परिचय पत्र दिखाना अनिवार्य, वर्ना नहीं कर सकेंगे मतदान

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए निर्धारित आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में मतदान के पूर्व मतदाता को अनिवार्य रूप से अपना निर्वाचन पहचान पत्र दिखाना होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा दिए आदेश में कहा गया है कि ऐसे मतदाता जो अपना निर्वाचन परिचय पत्र नहीं दिखा पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्न अनुसार एक वैकल्पिक पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। निर्वाचन पत्र नहीं होने की स्थिति में ऐसे मतदाताओं को आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटो युक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र राज्य सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डीएसबिलिटी आईडी (यूआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य होंगा।

# मतदान कर्मियों ने पोस्टल बैलट के माध्यम से किया मतदान



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र में 5 नवंबर से विधानसभा निर्वाचन के नियुक्त दल के सभी सदस्यों को जिनमें पीठासीन अधिकारी, क्रमांक-एक,दो तथा तीन को संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रदान किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सोहागपुर और पिपरिया विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर यहां संचालित प्रशिक्षण स्थल एवं मतदान सुविधा केंद्र का का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी मतदान कर्मियों को मतदान संबंधी सभी बारीकियों के बारे में अच्छे से जानकारी देने के निर्देश रिटर्निंग अधिकारियों को दिए। उन्होंने पिपरिया और सोहागपुर रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान कर्मियों के डाक मत पत्र से मतदान के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का गंभीरता से पालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी मौजूद रहें। प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों को ईवीएम मशीन का हैंड्स ओंन प्रशिक्षण भी दिया गया तथा दिखावटी मतदान के बारे में भी बताया गया। ईवीएम मशीन का संचालन की प्रक्रिया मार्कपोल एवं पीठासीन अधिकारी द्वारा घोषणा पत्र तथा रिपोर्ट के फार्म के साथ ही मत पत्र लेखा एवं अन्य विभिन्न प्रपत्रों को भरना भी प्रशिक्षण में बताया गया। प्रशिक्षण पीपीटी के माध्यम से भी दिया गया। पीठासीन अधिकारी की पुस्तिका भी प्रदान की गई। जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत ने भी प्रशिक्षण स्थल पॉलिटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण किया। हर विधानसभा के प्रशिक्षण स्थल पर सभी विधानसभा होशंगाबाद , पिपरिया सोहागपुर एवं सिवनी मालवा के कर्मचारियों ने पोस्टल बैलट के माध्यम से मताधिकार का उपयोग किया। प्रशिक्षण के अंत में सभी मतदान कर्मियों से प्रश्न पत्र हल करवाया गया।

# माखन नगर के ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशी का जनसंपर्क, गांव-गांव हो रहा तुलादान



**सोहागपुर, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र सोहागपुर 138 में कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पराज पटेल ने कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम आंखमऊ , गुजरवाड़ा, मानेगांव , कोटगांव सहित बागरा तवा में घर-घर पहुंचकर जनसम्पर्क किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। उनका लगभग आधा दर्जन गांवों में तुलादान किया गया। बागरा में कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पराज पटेल ने नुक्कड़ सभा को आयोजित किया। उन्होंने क्षेत्र के विकास, रोजगार और छोटे-छोटे कामों के लिए आम लोगों की परेशानी पर कहा कि यहां भ्रष्टाचार फैला हुआ है। 15 सालों से जो सत्ता में है उन्होंने न किसानों की चिंता की । श्री पटेल ने कहा की भाजपा अब हर घर रोजगार देने की बात कर रहे है, उन्हें सरकार जाने का डर सता रहा है इसलिये अब तरह तरह की बाते याद करके घोषणाएं की जा रही है, 18 वर्ष से शिवराज सिंह मुख्यमंत्री थे तब रोजगार देने की कोई बात नही की। अब जब लोगो ने सत्ता से बाहर करने का मन बना लिया है तब बहने याद आ गई, नोजवान याद आने लगे। नुक्कड़ सभा के दौरान पुष्पराज पटेल ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। विजयपाल कहते हैं गांव-गांव सड़के बनवा दी आप लोग खुद देख ले की कैसी खस्ताहाल सड़क हैं कई जगह तो सड़कों का नामों-निशान नहीं है, झूठ नहीं चलेगा जनता सबक सिखाएगी।

### निर्दलियों ने ली उम्मीदवारी वापस, कांग्रेस से मिलाया हाथ

यहां सोहागपुर विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों ने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में नामांकन वापस ले लिया है और वह कांग्रेस के साथ आ गए हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कराने जनसम्पर्क भी शुरू कर दिया है। मालूम हो कि निर्दलीय प्रत्याशी बृजेश यादव सहित अन्य निर्दलीय प्रत्याशी कांग्रेस को अपना समर्थन देते हुए चुनाव मैदान से हट गए हैं।

### चुनाव में रहेगी युवा और महिलाओं की अहम भूमिका

मतदाता अभी खामोश है, ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो समय के गर्त में है। बहरहाल सभी प्रत्याशी जोर-जोर से प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं। इस चुनाव में महिलाओं और युवाओं की अहम भूमिका रहेगी। जहां पहली बार मतदान करने जा रहे युवाओं ने भाजपा का शासन देखा है, वहीं कांग्रेस भी अपने रोजगार और महिलाओं से जुड़ी योजनाओं को लेकर गारंटी दे रही है।

# वतंत्रता संग्राम सेनानी नानक दास पाराशर को श्रद्धांजलि एवं पौधरोपण



**इटारसी, देशबन्धु।** सनाढ्य ब्राह्मण सभा ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नानक दास पाराशर की पुण्यतिथि पर शांति धाम शमशान घाट स्थित उनकी समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर पौधरोपण भी किया। प्रवक्ता दिलीप शर्मा ने बताया कि सभा के सदस्यों, परिजनों एवं स्नेही जनों ने पाराशर की समाधि पर पुष्पहार एवं पुष्प अर्पित किए। उनके पुत्र मुकेश पाराशर ने पिताश्री से जुड़े संस्मरण सुनाएं। राकेश बाबू शर्मा, जयप्रकाश अग्रवाल, राजकुमार दुबे ने भी उनके जीवन से जुड़ी यादें सुनाई। इसके उपरांत 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। आभार उनके पुत्र राकेश पराशर ने माना।

श्रद्धांजलि के उपरांत शांति धाम शमशान घाट परिसर में में स्वर्गीय पाराशर की स्मृति में पीपल के वृक्ष के पौधे का रोपण किया। कार्यक्रम में शिवनारायण बुधौलिया, अनिरुद्ध चंसौरिया, प्रशांत चौबे, पवन दुबे, विनय मिश्रा, विनोद शर्मा, घनश्याम तिवारी, भगवान दास पटेल, जसवंत सिंह राजपूत, गुलाब सिंह राजपूत, राकेश बाबू शर्मा, गोपाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# नन्हें हाथों ने कागज से बनाईं कलात्मक चीजें



**इटारसी, देशबन्धु।** रॉयल ट्रिनिटी स्कूल मालवीयगंज के बच्चों ने अपने नन्हे हाथों से कुशल मार्गदर्शन में कागज से कई कलात्मक चीजें बनायी हैं। बच्चों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में कागज के फूल, टोली और कई अन्य चीजें बनाकर अपनी कलात्मकता का प्रदर्शन किया है।

रॉयल ट्रिनिटी स्कूल, मालवीय गंज, इटारसी, डॉ. मैथ्यू के थॉमस के निर्देशन में संचालित हो रहा है। यहां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पढ़ाई के साथ उनके कला कौशल को बढ़ाने अनेक गतिविधियां संचालित होती रहती हैं। हाल ही में विद्यार्थियों ने प्रशिक्षित शिक्षकों के निर्देशन में अनेक क्राफ्ट तैयार किए हैं।

प्राचार्य रंजना लक्ष्मण ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों के द्वारा विद्यार्थियों की नैसर्गिक प्रतिभाओं का विकास होता है। इस दौरान बच्चों ने पेपर से फूल, टोपी तथा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के बच्चों ने मछलियां और फूल भी बनाये जिनकी शिक्षकों और पालकों ने सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया है।

# बाईक से ढोई जा रही थी अवैध शराब



**छतरपुर, देशबन्धु।** चुनाव के मद्देनजर जिले भर के थानों की पुलिस सक्रियता से अवैधानिक गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। इसी क्रम में बीते रोज जिले के अलीपुरा थाना की पुलिस ने बाईक से शराब ढो रहे दो युवकों को पकडने् की कार्यवाही की लेकिन एक युवक किसी तरह मौके से भागने में सफल हो गया। पुलिस ने बाईक और शराब जप्त कर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है, साथ ही फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक थाना क्षेत्र में बाईक से शराब ढो रहे हैं।

प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने संबंधित मार्ग पर घेराबंदी कर बाईक सवार युवकों को रोका, इसी दौरान एक युवक भाग निकला। दूसरे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया, साथ ही उसके पास मौजूद डीलक्स कंपनी की बाईक तथा 7 पेटी शराब भी जप्त की गई। बताया गया है कि कुल 63 लीटर शराब जप्त हुई जिसकी अनुमानित कीमत करीब 25 हजार रुपए है। पकड़े गए आरोपी का नाम आबिद खान निवासी अलीपुरा है जबकि फरार आरोपी का नाम सरफराज खान है, जो कि बाईक चला रहा था। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है, साथ ही सरफराज खान की तलाश की जा रही है।

# भागवत कथा में धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव



**इटारसी, देशबन्धु।** जब-जब भी धरती पर आसुरी शक्ति हावी हुईं, परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रुप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया और धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया।

यह बात शिवपुर अर्चनागांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते हुए पंडित विद्याधर उपाध्याय ने श्रद्धालुओं के बीच कही। चौथे दिन पंडित विद्याधर उपाध्याय ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा का वर्णन किया। भागवत के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि संकल्प लेकर जो कार्य किया जाता है, उसको निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए।

कथा में कृष्ण जन्म का वर्णन होने पर समूचा पंडाल खुशी से झूम उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण की सामूहिक जय-जयकार के बीच पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ भगवान कृष्ण को पालने में झुलाया उनका जन्म दिवस मनाया। कार्यक्रम स्थल को विभिन्न प्रकार के रंगों के गुब्बारों से सजाया गया और बधाई गीतों के बीच भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालु भगवान कृष्ण के जय जय कार के साथ झूमकर कृष्ण जन्म की खुशियां मनाई। जगदीश प्रासाद मालवीय ने कहा कि आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा में शामिल हो रहे हैं।

# गिरिजाघरों में कांग्रेस प्रत्याशी का स्वागत, समाज के लोगों से मिले



**इटारसी, देशबन्धु।** कांग्रेस के प्रत्याशी पंडित गिरिजाशंकर शर्मा ने आज मसीह समुदाय के लोगों से मिलकर उनसे अपने लिए समर्थन मांगा। रविवार होने से श्री शर्मा विभिन्न गिरिजाघरों में पहुंचे और एक साथ समाज के लोगों के समक्ष विकास का अपना विजन रखा।

कांग्रेस प्रत्याशी गिरजा शंकर शर्मा का आज ईएल चर्च इटारसी में स्वागत किया गया। चर्च से जुड़ी अदिति जेम्स ने बताया कि यंग ब्रिगेड कांग्रेस नर्मदा पुरम जिला महामंत्री गौरव भास्कर, सोन कांबले, महिला समाज अध्यक्ष श्रीमती एफ राज, ईएल चर्च सेक्रेटरी श्रीमती कोरोलिन जेम्स मेहता, विजय साल्वे तथा पार्षद अमित कापरे ने उनका सम्मान किया। ईएल चर्च के फादर राहुल दास ने उनके लिए प्रार्थना की।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**भाजपा ने मप्र को गड्ढों....**

तब उन्हें पता चलेगा मध्यप्रदेश का क्या हाल था। उन्होंने कहा कि अन्य लोगों के लिए यह सरकार बनाने का चुनाव हो सकता है। किसी के लिए यह 5 साल का हिसाब-किताब करने का चुनाव हो सकता है, लेकिन युवाओं के लिए यह भविष्य बनाने का चुनाव है, 25 सालों के लिए भाग्य तय करने का चुनाव है। इसलिए आप अपना भविष्य ऐसे हाथों में मत दीजिए, जो बदनामी से भरे हों।

उन्होंने कहा कि अगले साल लोकसभा के लिए चुनाव होने जा रहे हैं और केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना तय है। उसके बाद मध्यप्रदेश का विकास तेज हो सके, इसके लिए मुझे यहां कोई स्पीड ब्रेकर नहीं चाहिए, विकास पर ब्रेक लगाने वाले नहीं चाहिए, रिवर्स गियर लगाकर बैठे हुए लोग नहीं चाहिए। मुझे तेज तर्रार भाजपा की सरकार चाहिए ताकि मैं अपने सपने पूरे कर सकूं। श्री मोदी ने कहा कि एक इंजन केंद्र सरकार का और दूसरा इंजन राज्य सरकार का मिलकर जब राज्य के विकास को धक्का देते हैं, तभी दोगुनी तेजी से विकास होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश मेरे दिल में है और मैं 21 वीं सदी में मध्यप्रदेश को विकास की नई ऊचाईयों पर देखना चाहता हूं।

# फटाखा बाजार के लिए जगह आवंटन में देरी, आज अधिकारियों से मिलेंगे व्यापारी

**इटारसी, देशबन्धु।** शहर में हर साल दीवाली पर्व पर लगने वाले फटाखा बाजार की अनुमति को लेकर फटाखा व्यापारी परेशान हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा अभी तक बाजार के लिए जगह आवंटित नहीं की गई है। पिछले कुछ साल से पटाखा बाजार फ्रेन्ड्स स्कूल के मैदान में लगता आया है, लेकिन दुकानें लगने से पहले सीमांकन एवं लाटरी सिस्टम द्वारा जगह वितरण की कार्रवाई में भी समय लगता है।

दुकानदारों का कहना है कि दीवाली के लिए मात्र छह दिन ही बचे हैं, लेकिन अभी तक जगह नहीं मिल सकी है। इस समस्या को लेकर रविवार को फटाखा कारोबारियों की बैठक रखी गई। बैठक में तय किया गया कि सोमवार को इस मामले में व्यापारी सीएमओ रितु मेहरा एवं एसडीएम से चर्चा करेंगे।

संघ के अध्यक्ष संजय शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, सभापति मनजीत कलोसिया समेत अन्य लोगों ने तत्काल बाजार के लिए जगह देने की बात कही है। दुकानदारों ने बताया कि जगह मिलने के बाद हमें सेटिंग की कच्ची दुकानें बनाने में भी दो तीन दिन लग जाते हैं, इसलिए जल्द ही नपा को जगह आवंटित करना चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दतिया में किया जनसभा को सम्बोधित, बोले-

# पंजे का बटन दबाते ही 17 को भ्रष्टाचार और गुलामी से मुक्ति मिल जाएगी



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा आने वाली 17 तारीख को आप जो बटन दबाएंगे वह मध्य प्रदेश के भविष्य और नौजवानों के भविष्य के लिए दबाइएगा मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार भी आप विजय दिलाकर कांग्रेस की प्रचण्ड बहुमत की सरकार बनाने का काम करेंगे। इसके साथ ही आपको भ्रष्टाचार और गुलामी से मुक्ति मिल जाएगी। कमलनाथ ने कहा कि आपको किसी से भी डरने की आवश्यकता नहीं है सरकार बनते ही सभी का हिसाब होगा जिन्होंने आपको गुलाम बनाने का काम किया और लूट है उनका हिसाब किया जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री दतिया में ही आयोजित कांग्रेस की जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि हमने 2018 की सरकार में 27 लाख किसानों का कर्जा

## सरकार बनते ही लिया जाएगा लूट का हिसाब

माफ़ किया था और दतिया जैसे छोटे जिले में हमने पहली किस्त में 71 हजार किसानों का कर्जा माफ़ करने का काम किया था, इस बार हम फिर से किसानों का कर्ज माफ करेंगे। कन्या विवाह के लिए 1 लाख एक हजार रुपए की राशि देने का काम किया जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने किसानों से कहा कि हम गेहूं के लिए 26 सौ रुपए क्विंटल समर्थन मूल्य और धान के लिए 25 सौ रुपए समर्थन मूल्य देंगे, जिसको हमारी सरकार बढ़ाकर 3 हजार रुपए क्विंटल तक ले जाने का काम करेगी। प्रदेश के बेरोजगारों को 15सौ से लेकर 3 हजार रुपए तक महीने देने का काम किया जाएगा। शिक्षा की गारंटी देते हुए उन्होंने कहा कि पढ़ो और पढ़ाओं योजना मैं हम स्कूली शिक्षा को मुफ्त करेंगे 8 वीं तक के बच्चों को 5 सौ रुपए महीने देंगे, 1 हजार रुपए 9 वीं और दसवीं के बच्चों को देंगे, 15 सौ रुपए महीने हम 11 वीं और 12 वीं के बच्चों को देने का काम करेंगे।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयराम रमेश ने कहा-

# कांग्रेस जो गारंटी देती है उसे पूरा करती है



**भोपाल, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संचार प्रमुख, राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस जो गारंटी देती है उसे पूरा करती है, कर्नाटक, हिमाचल, राजस्थान, सीजी में गारंटी की बात की. उनको हमने पूरा किया। मध्यप्रदेश में हमने 12 गारंटी की बात की है, उसे हम पूरा करेंगे, महिलाओं को 5 सौ रुपए में सिलेंडर और 15 सौ की राशि खाते में जाएंगे।

श्री रमेश आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने चुनाव के लिए जारी किए थीम सांग ''बढ़ाओ हाथ-फिर कमलनाथ'' लांच किया। सांसद श्री रमेश ने पुरानी पेंशन योजना पर उन्होंने कहा कि भारत जोड़ों यात्रा के दौरान राहुल जी वादा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 40 लाख पंजीलकृत युवा बेरोजगार हैं। प्रदेश में 2 लाख सरकारी पद जो खाली पड़े हुए हैं, उनको भरने का काम हमारी सरकार करेगी और बैकलॉग भर्ती कर बेरोजगारी दूर करेंगे। स्कूली बच्चों के लिए 5 सौ से 15 सौ रुपए प्रतिमाह तक छात्रवृति देंगे और साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नि:शुल्क देने की योजना कांग्रेस सरकार ला रही है। उन्हेंाने कहा कि एक बड़ी गारंटी जिसे कांग्रेस ने राजस्थान में पूरा करके दिखाया, यानि हम मध्यप्रदेश में 25 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा जनता को देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आदिवासियों के 3 लाख 22 हजार पट्टे निरस्त हुए। तेंदूपत्ता का भी उन्हें बाजिव दाम नहीं मिल रहा। कांग्रेस सरकार आने पर प्रति बोरा तेंदूपत्ता की कीमत 3 हजार से बढ़ाकर 4 हजार रुपए करेंगे।

## ईडी-सीबीआई मोदी के हथियार

श्री रमेश ने आरोप लगाया कि हम न केवल भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं, खासकर छत्तीसगढ़ और राजस्थान में, बल्कि उसके 2 सहयोगियों 'ईडी और सीबीआई' के साथ भी लड़ रहे हैं। ये प्रधानमंत्री मोदी के हथियार हैं। उन्होंने कहा कि इन एजेंसियों को लेकर नया कानून बनाया गया है, हम वादा करते हैं कि कांग्रेस सरकार सत्ता में आने के बाद इस कानून में बदलाव करेगी।

## जीएसटी, नोटबंदी से लोग हुए परेशान

श्री रमेश ने कहा कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों जीएसटी और नोट बंदी के बाद आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़े हैं और लोग परेशान हैं इसलिए प्रधानमंत्री जी गरीब कल्याण योजना को 5 साल और बढ़ा रहे हैं। उनकी यह ताजा घोषणा आर्थिक बदहाली और बढ़ती असमानताओं का संकेत है, जो लगातार बढ़कर खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा मध्य प्रदेश में 18 सालों से भाजपा सरकार है, देश में सबसे अधिक घोटाले मध्य प्रदेश में हुए हैं, पटवारी घोटाला, नर्सिंग घोटाला, व्यापमं घोटाला जैसे 250 से अधिक घोटाले हुए हैं, इन घोटालों से आज मध्य प्रदेश बीमारू राज्य बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार में महिलाओं, आदिवासियों, दलितों, किसानों पर अत्याचार में मध्यप्रदेश देश में पहले नंबर पर है। बाल मृत्यु दर में मध्य प्रदेश सबसे आगे, माता मृत्यु दर में भी मध्य प्रदेश सबसे आगे है, और बाल कुपोषण में भी सबसे आगे है। पिछले 18 सालों में कुपोषण, शिक्षा और महिलाओं के प्रति अत्याचार में मप्र देश में नंबर पर प्रदेश बन चुका है।

केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का आरोप

# कांग्रेस की गारंटियां झूठी



**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस द्वारा चुनाव में दी जा रही गारंटियों को झूठी बताया और कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठी है और उसकी गारंटियां भी झूठी हैं। कांग्रेस हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक में गारंटियां पूरी करने में विफल रही हैं। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने 22.50 लाख महिलाओं को हर माह डेढ़ हजार रुपये की सहायता की गारंटी दी थी। कांग्रेस के सत्ता में आने के 10 महीने बाद भी इसे लागू नहीं किया गया है। कांग्रेस ने एक लाख नौकरियां देने का वादा भी किया था, लेकिन अभी तक इस पार्टी की सरकार ने 1 हजार नौकरियां तक नहीं दी हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनके गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने 2 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से गाय का गोबर और सौ रुपए प्रति लीटर की दर से दूध की खरीद के साथ ही 3 सौ यूनिट तक मुफ्त बिजली के वादे भी किए थे, लेकिन इनमें से कोई भी वादा अब तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बार जनता कांग्रेस के झांसे में नहीं आने वाली।

भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार के लिए भोपाल आए केन्द्रीय मंत्री ठाकुर पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियों की खुलकर तारीफ करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में युवाओं को रोजगार देने की दिशा में कई सार्थक कदम भाजपा सरकार ने उठाए। युवाओं को मुख्ममंत्री सीखो कमाओ योजना का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना काल में केवल एक ही बात की चिंता की, कोई गरीब भूखा नहीं सोए। अब आने वाले 5 साल तक और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने की घोषणा शनिवार को छत्तीसगढ़ में की है। उन्होंने कहा कि उज्जवला योजना हो या किसानों के बैंक खाते में सीधे रुपए आने का मामला, इनका लाभ मध्यप्रदेश की जनता को भी बड़े स्तर पर मिल रहा है।

## कांग्रेस ने पूरे नहीं किए वादे

केन्द्रीय मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि कमलनाथ सरकार ने 15 महीने के शासनकाल में एक भी गारंटी को पूरा नहीं किया। राहुल गांधी ने ऐसी ही एक 'गारंटी' के तहत मतदाताओं को ठगते हुए मध्यप्रदेश में 2018 हुए विधानसभा चुनावों से पहले वादा किया था कि उनकी पार्टी की सरकार 10 दिनों के भीतर 2 लाख रुपये तक के कृषि ऋण को माफ नहीं करेगी, तो वह मुख्यमंत्री बदल देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी ने राज्य के युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के रूप में प्रति माह 4 हजार रुपए देने का भी वादा किया था, लेकिन ये सभी चुनावी 'गारंटी' विफल हो गईं, क्योंकि इन्हें कमलनाथ की अगुवाई में दिसंबर 2018 से मार्च 2020 तक 15 महीने चली कांग्रेस सरकार के राज में लागू नहीं किया गया था।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार लाड़ली बहना योजना के माध्यम से मध्यप्रदेश में महिलाओं का सशक्तिकरण कर रही है, उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बना रही है, वहीं राजस्थान में कांग्रेस सरकार में महिला अत्याचार चरम पर है। राजस्थान में महिला उत्पीड़न के कांग्रेस के शासनकाल में 2 लाख से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। राजस्थान में महिलाओं का तिरस्कार किया जा रहा और मध्यप्रदेश में पुरस्कार दिया जा रहा। लाड़ली बहना योजना हो या लाड़ली लक्ष्मी योजना, कई योजनाएं मध्यप्रदेश में महिलाओं को मजबूत कर रही हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने खजुराहो मेरा परिवार-भाजपा परिवार अभियान का शुभारम्भ किया, कहा-

# युवाओं की टोली पार्टी के पक्ष में वातावरण बनाए

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने रविवार को चुनाव प्रचार की शुरुआत खजुराहों के प्रसिद्ध मतंगेश्वर महादेव के दर्शन और पूजन के साथ की। प्रदेश अध्यक्ष ने भगवान मतंगेश्वर से प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की।



इस अवसर पर उन्होंने वार्ड क्रमांक 10 स्थित बूथ अध्यक्ष जगनंदन तिवारी के घर पहुंचकर पार्टी का झंडा लगाकर मेरा परिवार भाजपा परिवार अभियान का शुभारंभ किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने बूथ अध्यक्ष के घर झंडा लगाकर कार्यकर्ता को सम्बोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हर कार्यकर्ता को अपने घर पर भाजपा का झंडा लगाने, दीवाल पर कमल का फूल बनाने एवं गले में भाजपा का गमछा डालने का पूरा अधिकार है, इससे उसे कोई वंचित नहीं कर सकता और ना ही इसमें किसी भी तरह का कोई कानूनी उलझन होती है। उन्होंने कहा कि युवाओं की टोली अपने-अपने मोटरसाइकिल पर भाजपा का स्टीकर और झंडा लगाकर बूथ पर घूमकर पार्टी का पक्ष में वातावरण बनाएं।

## बसपा छोड़ भाजपा में शामिल हुए रामराजा पाठक


राजनगर में कार्यकर्ता सम्मलेन के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर बसपा नेता रामराजा पाठक अपने 100 से अधिक समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने श्री पाठक और उनके समर्थकों को पार्टी का अंगवस्त्र पहनकर स्वागत किया। बसपा ने रामराजा पाठक को राजनगर से अपना उम्मीदवार बनाया था। उम्मीदवार घोषित करने के पश्चात बीएसपी ने श्री पाठक का टिकट काट दिया था।

# कांग्रेस परिवार को भाजपा जनता को मानती है जनार्दन

**सागर, देशबन्धु।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा और कांग्रेस के बीच मौलिक अंतर यह है कि कांग्रेस परिवार को जनार्दन मानती है, जबकि भाजपा के लिए जनता जनार्दन ही सब कुछ है।

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए सागर पहुंचे श्री सिंह ने जिले के बिलहरा पुलिस ग्राउंड पर सुरखी विधानसभा के संकल्प पत्र का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस के बीच मौलिक अंतर यह है कि भाजपा के लिए जनता ही जर्नादन है और कांग्रेस परिवार को ही जर्नादन मानती है। कांग्रेसियों को केवल सत्ता चाहिए है। कांग्रेस की आदत है कपड़े फाड़ने की, वह सत्ता में आई तो जनता के कपड़े फाड़ेगी।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के नेताओं की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं होता। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने धारा 370 को समाप्त किया। श्रीराम का अयोध्या में राम मंदिर का भव्य निर्माण कराया जा रहा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए सिस्टम में बदलाव लाना जरूरी है। यही भाजपा का चरित्र है। हम इन्हीं उद्देश्यों पर काम करते हैं।



श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान राजनीति के धोनी हैं, शुरुआत कैसी भी हो उन्हें सबसे अच्छी फिनिशिंग देना आता है। उन्होंने कहा कि अब भारत की पहचान पहले जैसी नहीं रही। भारत का कद पूरी दुनिया में बढ़ा है। आज अंतर्राष्ट्रीय मंच पर जब भी भारत का प्रतिनिधित्व होता है तो दुनिया के सभी देश कान खोलकर भारत को सुनते हैं। भारत ताकतवर बनता जा रहा है। रक्षा मंत्री ने पुलवामा का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे सेना के जवानों ने संदेश दे दिया है कि हम इस पार भी वार कर सकते हैं और उस पार भी। कोई भी भारत को आंखें दिखाने की कोशिश करेगा तो भारत बर्दाश्त नहीं करेगा।

सुरखी से भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि इस बार चार बार दीपावली मनाई जाएगी। पहली 12 नवंबर को, दूसरी 17 नवंबर को कमल के फूल पर वोट डालकर, तीसरी 3 दिसंबर को भाजपा की जीत पर और चौथी दीपावली 22 जनवरी को भव्य श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान मनाई जाएगी।

# मऊगंज : कम नहीं हुई भाजपा की मुश्किलें

• रीवा से नरेंद्र कुमार मौर्य

**रीवा, देशबन्धु।** प्रदेश का 53वां जिला बना मऊगंज जितना खुश दिखाई देना चाहिए, उतना नज़र आता नहीं है। जब हमने वहाँ के लोगों से बात की तो किसी ने भी जिला बनाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार नहीं जताया। एक मतदाता ने याद दिलाया कि 2018 के चुनाव में मुख्यमंत्री ने वादा किया था कि तुम भाजपा प्रत्याशी को जिताओ, मैं मऊगंज को जिला बना दूंगा। उनका प्रत्याशी तो जीत गया, लेकिन इस वादे की याद उन्हें पांच साल बाद आई, जब फिर चुनाव आ गये।

बिझौली गांव के शोभनाथ साहू कहते हैं कि यहाँ विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ। एक यात्री प्रतिक्षालय जरूर बना दिया लेकिन वहाँ कुकुर बैठते हैं। विधायक प्रदीप पटेल से लोग नाराज़ हैं। उनका विकास उनकी जाति तक ही सीमित रहा। उनकी कार्यकारिणी में सब बाहर के लोग हैं। वे खुद रीवा में रहते हैं और उनका गांव गुढ़ क्षेत्र में है। उनका अपना प्रभाव नहीं है। वे पार्टी की साख पर चुनाव जीत गए थे, लेकिन इस बार वह भी काम नहीं आयेगी क्योंकि लोग सरकार बदलना चाहते हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि वे घोषणाएं ही करते हैं, जिससे लोग ऊब गये हैं। पटेहरा गाँव के विवेक सिंह ने बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी सुखेन्द्र सिंह निजी व्यवहार के चलते लोकप्रिय हैं। पर्चा दाखिल करते समय उनके साथ भारी भीड़ थी। मऊगंज को जिला बनाने के लिए उन्होंने संघर्ष किया। आंदोलन किए और गिरफ्तारी भी दी।

रामप्रसाद गुप्ता कहते हैं कि भाजपा-कांग्रेस में कांटे की टक्कर है। लोग विधायक से ज़रूर नाराज़ हैं, सरकार से नहीं। लेकिन भाजपा अगर मृगेंद्र सिंह को टिकट देती तो वे जीत सकते थे। अभी यहाँ कांग्रेस की संभावनाएं ज्यादा देखी जा रही हैं। चौहना गांव में जब हम दिनेश कुमार गुप्ता से मिले तो वे कहने लगे कि शायद भाजपा यह सीट निकाल ले। उन्होंने माना कि विधायक के प्रति लोगों में नाराज़गी है, लेकिन जनता को भाजपा से मतलब है। उन्होंने स्वीकार किया कि कांग्रेस कड़ी टक्कर दे रही है। विनोद साहू कहते हैं कि ज़ोर तो कांग्रेस का ही है। पिछली बार वे हार गए थे, लेकिन इस बार जीत सकते हैं। 2013 में भी वे विधायक बने थे।

बलभद्रगढ़ के देवेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि सुखेन्द्र सिंह सबसे संपर्क रखते हैं। जब जहां ज़रूरत होती है, वे पहुंच जाते हैं। खटखरी बड़ा गांव है। बाज़ार में अच्छी चहल पहल है। हम बात शुरु करते हैं राम कुमार सोनी से। वे छूटते ही कहते हैं यहाँ सुखेन्द्र बना आगे है। वे इसी क्षेत्र के हैं और लोग उनसे कभी भी मिल सकते हैं, जबकि प्रदीप पटेल से मिलना मुश्किल है। उधर रवीन्द्र जायसवाल कहते हैं कि हम तो भाजपा के हैं, उसे ही वोट देंगे। प्रत्याशी से क्या मतलब। एक अन्य युवा अरशद अंसारी ने कहा कि सुखेन्द्र सिंह दुख- सुख में सबका साथ देते हैं। वे क्षेत्र में लोकप्रिय हैं। यहां आप और बसपा का असर नहीं है।

हम एक दुकान पर गए तो एक तरफ महिला अपनी बेटी के साथ बैठी थी। दूसरी तरफ उनके पति बैठे थे। हमने महिला से बात शुरू की तो उनके पति बोले कि लाड़ली बहना से बाद में बात करना, पहले उनके पति से तो बात कर लो। ये हैं रोहिणी प्रसाद गुप्ता, इनका परिवार बहुत मजाकिया और खुशमिजाज है। वे कहने लगे कि लाडली बहना का पैसा तो पत्नी को मिलता है, हमें कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि सरकार ने खटखरी में कुछ नहीं किया। रेलवे लाइन मंजूर हुई थी पर काम आगे ही नहीं बढ़ा। जो भी विकास हुआ, रीवा का हुआ, मऊगंज में कुछ भी नहीं। अब महिलाओं को पैसा देकर भाजपा वोट खरीदना चाहती है, क्या यही ठीक है?

रोहिणी प्रसाद के बगल में ही रमेश कुमार गुप्ता की दुकान है। उन्होंने संदेश भेजकर हमें अपनी दुकान में बुलवाया। वे पक्के भाजपाई हैं और पहली बार इस दौरे में हमें हिन्दू-मुस्लिम सुनने को मिला। उन्होंने कहा कि यहाँ भाजपा आगे है। प्रदीप पटेल के समय कोई लूटपाट नहीं हुई। गरीब को ही नहीं, मध्यम वर्ग को भी अनाज मिल रहा है। कांग्रेस मुसलमानों को सर पर चढ़ाती है। यहाँ महादेव मंदिर पर मजार बनाने का काम शुरू हो गया था, उसे बजरंग दल ने रोका। हालांकि पूरे मऊगंज क्षेत्र में घूमते हुए किसी ने भी ऐसी किसी घटना का ज़िक्र नहीं किया। क्षेत्र में किसी तरह के सांप्रदायिक मतभेद की कोई बात सामने नहीं आई।

मऊगंज जिला तो बन गया लेकिन बदहाली का क्या करें? महीनों से सड़क बन रही है। एक तरफ का कुछ हिस्सा बना है दूसरी तरफ कच्चा रास्ता है और वह भी कीचड़ से भरा हुआ है। धर्मेंद्र मिश्रा ने कहा कि हम भाजपा के हैं, मगर मानते हैं कि इस बार भाजपा का जीतना मुश्किल है। लोग सरकार बदलना चाहते हैं। वहीं खड़े एक अन्य सज्जन मे बताया कि 15 साल में 75 गुना महंगाई बढ़ गई। सरकार की सोच देखिए कि गांव में मकान बनाने को तो डेढ़ लाख रुपए दे रही है लेकिन यात्री प्रतीक्षालय बनाने को तीन लाख रुपए दे रही है।

रामसखा जायसवाल बहुत उत्साही भाजपाई नजर आये। उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिना दीं। मऊगंज को जिला बनाया। लाडली बहना को पैसा और किसान को मुआवजा दिया। देखो, अभी सड़क बनवा रहे हैं। नल योजना भी लागू की है। रुपया-गल्ला भी दे रहे हैं इसलिए जीतेगी तो भाजपा ही। उधर पूर्व सरपंच राम पुनीत तिवारी और पूर्व पार्षद प्रकाश चंद गुप्ता कुछ और ही कहते हैं। उनके अनुसार जनता बदलाव के मूड में है। वह विधायक भी बदलना चाहती है और सरकार भी। उन्होंने बताया कि पहले जातिवाद के आधार पर चुनाव होते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। कांग्रेस को सर्व समाज का वोट मिल रहा है। ब्राह्मणों के भी साठ फीसद वोट उन्हें मिलेंगे। प्रदीप पटेल की निष्क्रियता और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा उन्हें ले डूबेगी।

# मनगवां ने बदला मन, होगा बदलाव

**रीवा, देशबन्धु।** रीवा शहर जैसी चमक जिले की किसी भी विधानसभा सीट पर नज़र नहीं आती। हम जब मनगवां पहुंचे तो अन्य गांवों की तरह वह भी संघर्ष की स्थिति में दिखा। क्षेत्र में पेयजल और सिंचाई की बड़ी समस्या है। कुछ निर्माण कार्य होते ही हुए दिखाई देते हैं लेकिन उनकी गति धीमी है। अपने इलाके की उपेक्षा को लेकर लोगों में रोष है और वे बदलाव की बात करने लगे हैं।

गांधी विचार मंच के संयोजक और मनगवां निवासी रामेश्वर गुप्ता कहते है कि इस समय परिवर्तन की लहर चल रही है। इसका फायदा कांग्रेस को मिलेगा। बसपा तीसरे और 'आप' चौथे नंबर पर रहेगी। उन्होंने बताया कि दो माह पहले बसपा ने सम्मेलन किया था, उसमें काफी भीड़ इकट्ठी हुई थी। श्री गुप्ता ने बाईपास चौराहे पर ओवरब्रिज के लिए चार बार अनशन किया था, तब जाकर इसका काम शुरू हुआ और अभी भी धीमी गति से चल रहा है। सर्विस रोड़ का आज तक डामरीकरण नहीं किया गया। ऐतिहासिक तालाब मलकपुर भाजपा के राज में जल विहीन हो गया है। 1956 में सिविल अस्पताल खुला था जो अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हो गया, वहां एक डॉक्टर बैठता है, लेकिन महिला डॉक्टर नहीं है न ही एक्सरे मशीन।

मनगवां की जरहा पंचायत के तीन उम्मीदवार हैं - गिरीश गौतम व पदमेश गौतम (देवतालाब) और नागेंद्र सिहं (गुढ़)। वे कहते है कि अब मोदी का जादू उतर रहा है। रामचरन कुशवाहा और राम करण पटेल ने भी कहा कि यहाँ कांग्रेस की स्थिति बेहतर है। मोहम्मद अकरम भी कहते हैं कि जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने बताया कि पानी की बड़ी समस्या है। पाइप लाइन बिछ गई है पर पानी नहीं आ रहा है। हनुमान सेन कहते हैं कि यहाँ मुख्य मुकाबला कांग्रेस-भाजपा में ही है। अन्य दल बहुत पीछे हैं। मोहम्मद मोबिन कहते है कि जो जीत जाता है वो पहले अपना पेट भरने लगता है। एक सज्जन ने अपना नाम नहीं बताया, मगर कहा कि हमारे लड़कों के लिए काम नहीं है। गरीबों की कहीं सुनवाई नहीं होती। शासन की योजनाओं का फायदा भी सिर्फ बड़े लोग ही उठा पाते है। यहां एक-दो लोगों ने आम आदमी पार्टी की तारीफ भी की कि वह दिल्ली-पंजाब में अच्छा काम कर रही है।

पैपखरी गांव में कुछ आदिवासी एक पेड़ के नीचे बैठे थे। बड़ी कोशिशों के बाद उनमें से एक राजमान कोल बोले कि हमारा वोट कांग्रेस को जाएगा। इस बीच वहाँ नंदलाल मिश्रा आ गए। वे बहुत मुखर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री की आलोचना की और कमलनाथ की घोषणाओं को सराहा। कहा कि रामचंद्र जी की तरह हमने कांग्रेस को वनवास दिया था जो अब पूरा हो गया। अब कांग्रेस की सरकार बनेगी। मिश्रा जी, श्रीनिवास तिवारी के पोते के भाजपा में जाने से बहुत नाराज़ दिखे। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थ ने ज़रा भी नहीं सोचा कि उसके पिता को भाजपा ने जेल भेज दिया था। नंदलाल मिश्रा ने एक दिलचस्प जानकारी दी कि गिरीश गौतम के पुरखों ने उनके पूर्वजों को पांव पखरई में यह गांव दिया था इसलिए इसका नाम पैपखरी है।

बसेड़ा गांव के रामदीन रास्ते में ही मिल गए। वे बोले कि कांग्रेस प्रत्याशी बबीता साकेत अच्छी है। क्षेत्र में उनका असर भी है। वे इस बार चुनाव जीत सकती है। मनगवां से लगा हुआ गांव है तिवनी, यह श्रीनिवास तिवारी का गांव है जो यहाँ से तीन बार विधायक रहे। 2008 में मनगवां की सीट आरक्षित हो गई। यहाँ से 2003 में उन्हें गिरीश गौतम ने हराया था। गांव में सन्नाटा था। कोई जगह दिखाई नहीं दे रहा था। फिर एक हमें चार-पांच बुजुर्ग महिलाएं और एक बच्ची दिखाई दी। हम वहीं रुक गए। पहले तो वे हंसी कि हम उनसे चुनाव की बात करने को आए हैं। फिर उनमें से सबसे बुजुर्ग लल्लीबाई ने कहा कि शिवराज पैसे दे रहे हैं तो वोट तो हम भाजपा को ही देंगे। लेकिन अगले ही पल वे ये भी कहती हैं कि 'हमें कुछ नहीं पता, घर के लोग जहां कहेंगे, वहीं वोट देंगे।'

सरोजनी बाई तिवारी बोलीं कि यहां साकेत समाज के लोग ज़्यादा हैं तो बबीता ही जीतेगी। भाजपा प्रत्याशी अभी तक तिवनी नहीं आये, हाथी वाला भी नहीं आया। झाड़ू वाला ज़रूर आया था। लेकिन हम किसी को वोट नहीं देंगे। हमारी कोई नहीं सुनता। तुम अगर हम बुढ़ियन को कुछ इंतजाम करो तो तुम्हें ही वोट दे देंगे। उनकी बात सुनकर सब हँस पड़ती है। इसी बीच वहाँ कुंजल तिवारी आ गए। वे साइकिल से वहां से गुजर रहे थे कि महिलाओं ने उन्हें बुला लिया। उन्होंने कहा कि ये अभावग्रस्त गांव है। भाजपा को वोट देते-देते लोग थक गए हैं। कुछ विकास नहीं हुआ। लोग मुश्किल में गुजारा कर रहे हैं। यहां छुट्टा मवेशियों ने नाक में दम कर रखा है। वे बहुत नुकसान करते हैं। यहाँ करीब डेढ़ हज़ार मवेशी है। कुछ बाड़े में रहते हैं और कुछ निजी हैं। इन्हें हटाया जाना चाहिए। नंदलाल मिश्रा की तरह तिवनी के लोग भी सिद्धार्थ तिवारी से नाखुश हैं। बुजुर्ग औरतों ने भी कहा कि उन्हें जल्दी नहीं करनी थी बाद में टिकट मिल जाता। उन्होंने कहा कि हम तो कांग्रेस को ही वोट देंगे,चाहे वो जीते या हारे। कुंजल तिवारी ने भी कहा कि सिद्धार्थ को इंतज़ार करना था।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।